
आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 61- ● जबलपुर ● रविवार, 3 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## लंदन में पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ पर हमला

### अज्ञात व्यक्ति ने फेंका फोन, बॉडीगार्ड घायल

**इस्लामाबाद।** लंदन में रह रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के एक कार्यकर्ता द्वारा हमला किए जाने सूचना है। बताया जा रहा है कि इस हमले में नवाज शरीफ के गार्ड जख्मी हो गए। यूके पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पाकिस्तान के एक पत्रकार ने जानकारी दी है। पाकिस्तानी पत्रकार के अनुसार पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर वर्तमान पाकिस्तानी पीएम इमरान खान की सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक कार्यकर्ता ने लंदन में हमला किया।

## दिल्ली में दरिंदगी



### घर के बाहर सो रही दिव्यांग किशोरी से पड़ोसी ने की हैवानियत, इलाके में तनाव

राजधानी दिल्ली के महेंद्रा पार्क में नाबालिग दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात नाबालिग झुग्गी के बाहर सो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया।पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 16 वर्षीय किशोरी अपने परिजनों के साथ सराय पीपल थला इलाके में रहती है।किशोरी चल और बोल नहीं सकती। शुक्रवार रात वह झुग्गी के बाहर चारपाई पर सो रही थी। देर रात पड़ोसी युवक उसके पास आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया।शनिवार सुबह किशोरी की हालत देखकर उसके परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस किशोरी का मेडिकल करवाया। जिसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। पुलिस मामले की छानबीन शुरू की। किशोरी ने इशारा कर पुलिस को आरोपी के बारे में बताया। घटना के बाद से आरोपी अपने घर से फरार था। पुलिस आरोपी की तलाश की और कुछ ही घंटे में आरोपी को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के दूसरे समुदाय के होने की वजह घटना के बाद से इलाके में तनाव है। पुलिस एहतियातन इलाके में पुलिस बल को तैनात कर दिया है और मामले की जांच कर रही है।

## मलाइका अरोड़ा का हुआ कार एक्सीडेंट



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा (Malaika Arora) के फैंस को परेशान करने वाली एक बड़ी खबर आ रही हैं. दरअसल, कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस का कार एक्सीडेंट हो गया है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, मलाइका की कार मुंबई के पास ही स्थित पनवेल इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुई है।मलाइका की आंखों में आई चोटमीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो गाड़ी चलाते हुए मलाइका के ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और उनकी कार तीन अन्य कारों से जा टकराई. खबर है कि मलाइका की आंखों में चोट आई है. एक्सीडेंट के तुरंत बाद ही उन्हें नवी मुंबई में स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### यूक्रेन में भयानक मंजर — बूचा शहर के सामूहिक कब्र में मिले

# 300 से अधिक शव, सड़कों पर बहीं खून की नदियां

**एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव के पास स्थित बूचा शहर से दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं। इनमें से एक तस्वीर में खौफनाक मंजर देखने को मिला है जिसमें कि सामूहिक कब्रों के अंदर कुल 280 आम नागरिकों के शव मिले हैं। इसके अलावा सड़कों पर भी कई लोगों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिले। जान गंवाने वाले नागरिक रूसी सैनिकों के हमले के शिकार हुए हैं। हालांकि काफी मशक्कत के बाद ये इलाका दोबारा यूक्रेन के कब्जे में आ गया है।

### जीवित बचे लोगों की तलाश जारी

राज्य आपातकालीन सेवा द्वारा भेजे गए बचाव दल मलबे में जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। लेकिन निराशा हाथ लग रही है। क्योंकि सभी लोगों के शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिल रहे हैं। कुछ इमारतों के मलवे में भी शव तलाशने का काम जारी है। खोज और बचाव अभियान जारी है। यूक्रेन में मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।



### शव देख लोगों के बहे आंसू

शवों की तलाशी के दौरान एक आदमी का शव दिखाया जिसके हाथ उसकी पीठ के पीछे बंधे हुए थे, और उसके बगल में एक खुला यूक्रेनी पासपोर्ट था। एक अन्य के सिर में धंसा घाव था।

### यूक्रेन के इरपिन शहर में मिले 650 विस्फोटक

रूस और यूक्रेन में चल रही महाजंग के बीच अभी इरपिन में रूसी सेना की तरफ से कई जगहों पर बम फेंके गए हैं। यूक्रेनी सेना इसे डिफ्यूज करने की तैयारी में लगे हैं।

### रूस ने कर दिया था सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को नष्ट

एक अप्रैल को मिसाइल हमले के दौरान रूसियों ने क्रेमेनचुक में यूक्रेन की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी को नष्ट कर दिया। रूस लविवि और निप्रो सहित देश भर के तेल डिपो पर लक्षित हमले करता रहा है।

## बालाघाट MLA के छोटे भाई का दामाद अस्पताल से कूदा

**बालाघाट।** पूर्व मंत्री और बालाघाट के वर्तमान विधायक गौरीशंकर बिसेन के छोटे भाई के डॉक्टर दामाद ने मंडीदीप के दो मंजिला अस्पताल की छत से कूदकर खुदकुशी का प्रयास किया। ऊंचाई से गिरने के कारण उनकी सर्विकल बोन (गर्दन की हड्डी) टूट गई। फिलहाल, वे भोपाल के नर्मदा अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। खुदकुशी करने के प्रयास के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चला है।



### मंडीदीप के अस्पताल से कूदे

मूलत: बालाघाट के रहने वाले डॉ. चंद्रशेखर परधज भोपाल के आशिमा मॉल के पास रहते हैं। रविवार दोपहर करीब 11 बजे मंडीदीप के आरोग्य अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अभिजीत पटेल से मिलने उनके अस्पताल पहुंचे। करीब डे? घंटे तक डॉ. पटेल के केबिन के बाहर बैठने के बाद दोपहर करीब साढ़े 12 बजे डॉ. चंद्रशेखर ने अस्पताल की छत से छलांग लगा दी। इसके बाद दोपहर सवा एक बजे उन्हें भोपाल की अरेरा कॉलोनी के नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. चंद्रशेखर परधज को गंभीर चौटें आई हैं। उनकी सर्विकल बोन टूट चुकी है।

### अस्पताल जाने के कारण का खुलासा नहीं

मंडीदीप के आरोग्य अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अभिजीत पटेल के मुताबिक उन्हें डॉ. चंद्रशेखर परधज के अस्पताल आने का कारण नहीं पता। उनसे मुलाकात होने से पहले ही डॉ. चंद्रशेखर ने अस्पताल की छत से छलांग लगा दी थी। बता दें कि डॉ चंद्रशेखर परधज ने डॉ. पटेल से मिलने के लिए करीब डेढ़ घंटे तक का लंबा इंतजार किया।



## अगले 3 दिनों तक इन राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

**एजेंसी।** देश के कई राज्यों में मार्च के महीने में ही लोगों को जून-जुलाई जैसी गर्मी का एहसास होने लगा। 121 साल के बाद सबसे गर्म मार्च देखा गया। अप्रैल में पारा और ऊपर चढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने उत्तर भारत समेत देश के कई राज्यों में भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की है। हालांकि कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां लगातार तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बिहार, यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत के कई इलाकों में लू चलने की संभावना है। विदर्भ और गुजरात में भी पारा ऊपर चढ़ेगा। दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्सों, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी।मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाएं अगले पांच दिनों तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का कारण बनेंगी।

# गाजियाबाद की बैंक में 6 मिनट में 12 लाख लूटे

### PNB में हेलमेट पहनकर 4 बदमाश घुसे

**एजेंसी।** यूपी के गाजियाबाद से बड़ी खबर है। यहां शनिवार दोपहर पंजाब नेशनल बैंक में लूट की वारदात हुई। हथियार लेकर बैंक में घुसे 4 बदमाशों ने बैंक कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लेकर 12 लाख रुपए लूट लिए। वारदात के वक्त बैंक में सिक्योरिटी गार्ड नहीं था। इस वारदात को बदमाशों ने सिर्फ 6 मिनट में अंजाम दिया। इसके बाद बाइक से भाग गए। वारदात नंद्रग्राम थाना क्षेत्र के नूरनगर स्थित पीएनबी ब्रांच की है।दो बजे की वारदात, दो बाइक पर आए थे बदमाश नूरनगर में तीन मंजिला एक बिल्डिंग के



कर्मचारियों को गन प्वाइंट पर लिया

फर्स्ट फ्लोर पर पीएनबी की ब्रांच है। वारदात के समय बैंक में सिर्फ तीन बैंक कर्मी थे, अन्य कर्मचारी लंच पर गए थे। दोपहर करीब दो बजे दो बाइक पर चार बदमाश बैंक पहुंचे और अंदर घुस गए। उस वक्त कैशियर अपना केबिन छो?कर दूसरी तरफ गया हुआ था। सारा कैश काउंटर पर ही बैग में रखा था। बदमाश अंदर आए और उन्होंने कर्मचारियों पर पिस्टल तान दी। एकाएक हुई इस घटना से कर्मचारी डर गए।बैंक कर्मी कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाशों ने हथियार दिखाकर काउंटर से सारा कैश समेट लिया। इसके बाद बदमाश आसानी से फरार हो गए। बदमाश के जाने के बाद कर्मचारियों ने शोर मचाया और पुलिस को जानकारी दी। जब तक आसपास के लोग पहुंचे तब तक बदमाश भाग चुके थे।



## अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर शख्स

### मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

**एजेंसी।** अडाणी रुप के मालिक गौतम अडाणी देश के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार उनकी नेटवर्थ 100 अरब डॉलर हो गई। इसके साथ ही वे एशिया के सबसे अमीर शख्स हो गए। अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर शख्स थे।

## बंगाल में फिर मिले कंगारू

## जलपाईगुड़ी में वन विभाग ने 3 कंगारू रेस्क्यू किए, एक की मौत

**एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में वन विभाग ने तस्करी कर लाए जा रहे 3 कंगारुओं का रेस्क्यू किया है, जबकि रेस्क्यू के दौरान एक कंगारू की मौत हो गई। तीनों कंगारुओं को एनिमल हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। वन विभाग पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### गांव वालों ने दी तस्करी की सूचना

शुक्रवार देर रात स्कॉर्पियों से तस्कर दो कंगारू ले जा रहे थे। इसकी भनक गांव वालों को लगी, जिसके बाद उन लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग एक्टिव हुआ और रेस्क्यू में जुट गया। हालांकि, तस्कर भागने में कामयाब रहा। बैकंठपुर के रेंज अधिकारी संजय कुमार दत्ता



ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली कि कंगारुओं की तस्करी की जा रही है, जिसके हमने सभी जगहों पर फोर्स तैनात किए। रेस्क्यू के दौरान दो कंगारू स्कॉर्पियो से और दो खेत में मिले। हम मामले की जांच कर रहे हैं कि आखिर यह कहां से आया।

### 13 मार्च को भी जलपाईगुड़ी में कंगारू पकड़ाया था

जलपाईगुड़ी में इससे पहले इसी माह 13 मार्च को वन विभाग की टीम ने एक कंगारू को पकड़ा था। पुलिस ने कंगारू के साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया था। तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया था कि गुवाहाटी से हैदराबाद के लिए कंगारू ले जाया जा रहा था।

### ऑस्ट्रेलियन कंगारू कैसे आ रहा भारत, होगी जांच

बांग्लादेश बॉर्डर पर लगातार ऑस्ट्रेलियन कंगारुओंकी तस्करी से वन विभाग की टीम हैरत में है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं कि ये कंगारू कहां से आ रहे हैं? साथ ही भारत में इसको लाने का मकसद क्या है।

### करौली में उपद्रव के बाद तनाव की स्थिति

## आज रात 12 बजे तक रहेगी नेटबंदी

**एजेंसी।** राजस्थान के करौली शहर में चैत्र नवरात्र के पहले दिन शनिवार को हिंदू संगठनों की ओर से निकाली जा रही बाइक रैली पर पथराव हो गया। पथराव कर रहे लोगों ने छह से ज्यादा दुकानों में आग लगा दी, साथ ही दो बाइक को भी जला दिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने 3 अप्रैल रात 12 बजे तक जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद करने के आदेश जारी कर दिए। कलेक्टर ने कहा- स्क्क ने तनाव के बाद सोशल मीडिया पर अफवाह फैलने से माहौल बिग?ने की आशंका जताई थी। SP शैलेंद्र सिंह इंदौलिया ने बताया कि नव नवसंत्सर के मौके पर हिंदू संगठनों की ओर से बाइक रैली निकाली जा रही थी। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जैसे ही हटवा?ा बाजार में पहुंची।

### कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने राज्यसभा में कहा सुरक्षा और कानून बनाया जाए

# कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास का बिल राज्यसभा में पेश

**नई दिल्ली। कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास का बिल शुक्रवार को राज्यसभा में पेश किया गया। कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने यह विधेयक पेश किया। इस निजी विधेयक में कश्मीरी पंडितों को घाटी में दोबारा बसाने और उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाने की बात कही गई है।**

निजी विधेयक के मुताबिक सबसे पहले केंद्र सरकार को एक एडवायजरी समिति बनानी चाहिए। इसमें कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधि होना चाहिए। इसमें कश्मीर में रहने वाले गैर कश्मीरी पंडितों को भी शामिल करें, जो अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। इस समिति को अधिक अधिकार दें, जो कश्मीरी पंडितों की दुनिया दोबारा से बसाने के लिए अच्छे से काम कर सके। बिल केंद्र सरकार को कश्मीरी पंडित समुदाय के 21 प्रतिनिधियों की एक सलाहकार समिति गठित करने का प्रस्ताव करता है, जिसमें ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा (जीकेपीडी) से कम से कम तीन सदस्य होंगे, जिनमें से कम से कम एक महिला होगी; कश्मीर घाटी से गैर-कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यकों के दो प्रतिनिधि और यह प्रावधान करना कि सलाहकार समिति की कुल सदस्यता में से कम से कम 25 प्रतिशत, लेकिन 50 प्रतिशत से अधिक सदस्य महिलाएं नहीं होंगी। मसौदा विधेयक में कहा गया है, सलाहकार समिति के पास ऐसी पर्याप्त शक्तियां होंगी, जो निर्धारित की जा सकती हैं, ताकि वह कश्मीरी पंडित समुदाय के सर्वोत्तम हित का प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करने में सक्षम हो सके, जैसा कि जीकेपीडी की एकीकृत घोषणा में प्रधानमंत्री को वापसी, पुनर्वास के अधिकार पर जोर देने के लिए कहा गया है और बहाली और तदनुसार सरकार को सलाह दें। विधेयक में यह भी कहा गया है कि सरकार, सलाहकार समिति के परामर्श से, कश्मीरी पंडितों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की वापसी पर विकास और स्थिरता के अवसरों का पता लगाने के लिए आर्थिक न्याय, समृद्धि और सुरक्षा का वातावरण स्थापित करने के लिए आवश्यक उपाय करेगी।



### काशी पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री

## एयरपोर्ट से शहर के रास्ते जगह-जगह हुआ स्वागत

**एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा देउबा वाराणसी पहुंच गए हैं। उनके साथ 40 सदस्यीय दल भी आया है। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनके डेलिगेशन का स्वागत CM योगी आदित्यनाथ ने किया। अब वे शहर के लिए निकले हैं।एयरपोर्ट से शहर की ओर जाने पर नेपाल के प्रधानमंत्री का जगह-जगह स्वागत हो रहा है। आगमन को लेकर सुबह से ही लोकनृत्य और संगीत हो रहा है। अब वह काशी विश्वनाथ और बाबा कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।वाराणसी में देउबा के पहुंचने से पहले ही मयूर नृत्य, दीवारी, पाईडंडा लोकनृत्य शुरू हो गया है। वहीं, सरायकाजी बस स्टैंड पर सोनभद्र के आदिवासी लोकनृत्य का प्रदर्शन किया जा रहा है। तरना स्थित सेठ जयपुरिया स्कूल के गेट पर नटवरी लोक नृत्य, संत अतुलानंद तिराहा पर सोनभद्र का ही आदिवासी नृत्य, सर्किट हाउस पर बुंदेलखंड का राई नृत्य, पुलिस लाइन चौराहा पर अवध का धोबिया और पूर्वांचल का फरुवाही लोक नृत्य हो रहा है।



# नवरात्र महोत्सव : दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी के पूजन से मिलती है विजयश्री



**जबलपुर, यशभारत। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो गई है। नवरात्रि के दौरान मां के 9 रूपों की पूजा- अर्चना की जाती है। नवरात्रि के दूसरे दिन मां के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा- अर्चना की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से व्यक्ति को अपने कार्य में सदैव विजय प्राप्त होता है। मां ब्रह्मचारिणी दुष्टों को सन्माग्र दिखाने वाली हैं। माता की भक्ति से व्यक्ति में तप की शक्ति, त्याग, सदाचार, संयम और वैराग्य जैसे गुणों में वृद्धि होती है। आइए जानते हैं, मां ब्रह्मचारिणी की पूजा- विधि, शुभ मुहूर्त, मंत्र, आरती, भोग और कथापूजा- विधि इस दिन सुबह उठकर जल्दी स्नान कर लें, फिर पूजा के स्थान पर गंगाजल डालकर उसकी शुद्धि कर लें। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। मां दुर्गा का गंगा जल से अभिषेक करें। अब मां दुर्गा को अर्घ्य दें। मां को अक्षत, सिन्दूर और लाल पुष्प अपिज़्त करें, प्रसाद के रूप में फ्ल और मिठाई चढ़ाएं। धूप और दीपक जलाकर दुर्गा चालीसा का पाठ करें और फिर मां की आरती करें।**

मां को भोग भी लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है। मां ब्रह्मचारिणी को पसंद है ये भोग- देवी मां ब्रह्मचारिणी को गुड़हल और कमल का फूल बेहद पसंद है और इसलिए इनकी पूजा के दौरान इन्हीं फूलों को देवी मां के चरणों में अर्पित करें। चूंकि मां को चीनी और मिश्री काफी पसंद है इसलिए मां को भोग में चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाएं। मां ब्रह्मचारिणी को दूध और दूध से बने व्यंजन अति प्रिय होते हैं। इसलिए आप उन्हें दूध से बने व्यंजनों का भोग लगा सकते हैं। इस भोग से देवी ब्रह्मचारिणी प्रसन्न हो जाएंगी। इन्हीं चीजों का दान करने से लंबी आयु का सौभाग्य भी पाया जा सकता है।

### मां ब्रह्मचारिणी व्रत कथा

मां ब्रह्मचारिणी ने राजा हिमालय के घर जन्म लिया था। नारदजी की सलाह पर उन्होंने कठोर तप किया, ताकि वे भगवान शिव को पति स्वरूप में प्राप्त कर सकें। कठोर तप के कारण उनका ब्रह्मचारिणी या तपश्चारिणी नाम पड़ा। भगवान शिव की आराधना के दौरान उन्होंने 1000 वर्ष तक केवल फ्ल-फूल खाए तथा 100 वर्ष तक शाक खाकर जीवित रहीं। कठोर तप से उनका शरीर क्षीण हो गया। उनक तप देखकर सभी देवता, ऋषि-मुनि अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आपके जैसा तप कोई नहीं कर सकता है। आपकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होगा। भगवान शिव आपको पति स्वरूप में प्राप्त होंगे।



## श्री वृहद महाकाली महोत्सव विशाल आरती और भंडारे का आयोजन

चैत्र नवरात्र महोत्सव के चलते श्री वृहद महाकाली गढ़ाफाटक में विशाल महाआरती और भंडार ( फलाहार) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अजय विश्नोई विधायक, प्रभात साहू पूर्व महापौर एंव साथ में नंद कुमार यादव पूर्व पार्षद, शरद अग्रवाल के द्वारा पूजन-अर्चन एवं ढोल ढमाकें के साथ महाआरती और भंडारा संपन्न हुआ। इस दौरान महाकाली मंदिर में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में रामसिंह ठाकुर, अमर यादव, नरेश ठाकुर उपस्थित रहे।

## जबलपुर जिला पंचायत के अफसर शर्म करें

# छोटे जिले सरकार की योजनाओं में अव्वल, यहां सिर्फ गाड़ी दौड़ रही हैं

### फरवरी की ग्रेडिंग में जबलपुर जिले को बी जबकि 17 जिलों को ए प्लस और ए ग्रेड मिला

नीरज उपाध्याय

**जबलपुर। मप्र सरकार सभी जिलों को संभवत: एक सामान पैसा उपलब्ध करा रही है,प्रत्येक योजनाओं में पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। अधिकारियों की अच्छी-खासी फौज उपलब्ध कराई गई है। पूरे स्टाफ को लाखों रूपयों का वेतन दिया जा रहा है बाबजूद जिले की ग्रेडिंग पर सुधार नहीं हो रहा है। अफसरों की लापरवाही के कारण जबलपुर जिले को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में मुंहकी खानी पड़ रही है।**

जबकि संभाग और प्रदेश के छोटे जिले सरकार के मंसूबों पर खरे उतर रहे हैं। इन छोटे जिलों के पास न पर्याप्त साधन और न ही दिमागदार अधिकारियों की फौज। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 7 योजनाओं की ग्रेडिंग जारी की है जिसमें जबलपुर जिले को बी ग्रेड मिला है। 17 जिले ऐसे है जिन्हें ए प्लस और ए ग्रेडिंग मिली है।




### स्वच्छ भारत मिशन-सीएम हेल्प लाइन जबलपुर में बेहतर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने प्रदेश के समस्त जिलों में संचावित योजनाएं- आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आिास योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत, सीएम हेल्प लाइन योजना की ग्रेडिंग जारी की है। जबलपुर स्वच्छ भारत मिशन और सीएम हेल्प लाइन के कार्यों में बेहतर है जिले को ए ग्रेड मिला है। जबकि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं में बी ग्रेड मिला है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति मनरेगा की जिसमें जिले को सी ग्रेड प्राप्त हुआ है।

### ए प्लस और ए ग्रेडिंग प्राप्त करने वाले जिले

ए प्लस वाले 09 जिले जिनमें भोपाल, इंदौर, अशोकनगर, छतरपुर, मंदसौर, डिंडौरी, खरगोन, मुरैना एवं उज्जैन शामिल है। जबकि ए ग्रेडिंग प्राप्त करने वाले 08 जिले बालाघाट,वावलयर, नरवसंहपुर, आगर-मालवा, नर्मदापुरम, बुरहानपुर, दमोह एवं सिवनी शामिल है। 20 जिले बी ग्रेड में है जिसमें जबलपुर भी शामिल है। सी ग्रेडिंग में 14 जिले आए है और डी निरंक है।

### कलेक्टर के कामों की तारीफ

जिला पंचायत के अधिकारी जहां अपने कामों में लापरवाही कर रहे हैं तो वहीं कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी के कामों की तारीफ हो रही है। हर दिन दौरे और निरीक्षण कर कलेक्टर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। जबलपुर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में बी ग्रेड मिलना ये दर्शाता है कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन जबलपुर में नहीं हो रहा है।

## पाटन में सरकार की जमीन पर कब्जा

### जमीन का ऐसा लालच की कब्रिस्तान,सड़क और खलिहान मद की जमीन पर तन गए मकान



**जबलपुर, यशभारत।** जमीन का ऐसा लालच की भू-माफिया सड़क, खलिहान और कब्रिस्तान की जमीन ही निगल गए। सालों पहले शुरू हुए अतिक्रमण की शिकायत कर ग्रामीण थककर हार चुकें हैं। लेकिन अफसरों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। बात हो रही है शहर से 15 किलोमीटर पाटन तहसील के लुहारी (सूखा) गांव की जहां। एक भू-माफिया ने सरकार की जमीन पर कब्जा लिया है। ग्रामीणों ने भू-माफिया की शिकायत गांव के सरपंच से लेकर पटवारी और जनपद- तहसीलदार और कलेक्टर तक की लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। हैरानी तो इस बात पर है कि सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर कर भू-माफिया ने सड़क को ही राजस्व रिकार्ड से गायब कर दिया।

### किस काम की जनसुनवाई

मामलों के तत्काल निपटारे के लिए सरकारी महकमों में हर सप्ताह जनसुनवाई आयोजित की जाती है, लेकिन लुहारी की जमीन के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं हुई। राजस्व विभाग के निचले से लेकर शीर्षस्थ अधिकारियों से की गई शिकायत भी बेकार गई। अगस्त 2014 में कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में मामला पहुंचा, तो तत्कालीन कलेक्टर ने कारवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन उनका तबादला होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

### दस्तावेज दे रहे हैं गवाही

जमीन का खसरा-नक्सा, पुराने दस्तावेज सभी इस बात की गवाही दे रहे हैं कि श्मशान, खलिहान और स ?क की सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। जिस भूखंड पर कब्जा हो चुका है, पटवारी हल्का 17/41 में लुहारी(सूखा) गांव की वह जमीन लुहारी खसरा न 399-1 पर कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज है। वहीं, खसरा न 330 की शासकीय जमीन खलिहान मद में दर्ज है। इस जमीन को अब चरनोई दर्शा अधिकार दिया गया है, जबकि पहले यह जमीन सड़क के नाम पर दर्ज थी।

### ग्राम पंचायत ने भी माना कि अतिक्रमण हुआ

साल 2014 में लुहारी ग्राम में ग्राम पंचायत हुई जिसमें सभी पंच और सरपंच सहित ग्रामीणों ने माना है कि संबंधित सरकारी जमीन पर कब्जा हुआ है। हैरानी होगी यह जानकर कि हल्का पटवारी द्वारा जो निरीक्षण प्रतिवेदन पाटन के तत्कालीन तहसीलदार को भेजा गया है उसमें भी इस बात का उल्लेख है कि सरकारी जमीन पर कब्जा हुआ है। इसके बाबजूद भू-माफिया को सरकारी जमीन से बेदखल नहीं किया जा रहा है।



## टिकट दलालों पर चला आरपीएफ का चाबुक

# 1459 टिकट दलालों को किया गिरफ्तार

### ऑपरेशन उपलब्ध के तहत मिल रही रेलवे सुरक्षा बल को सफलता

**जबलपुर यश भारत।** देश में लंबी दूरी की ट्रेन सेवाओं की बहाली और त्योहारों और गर्मी की भीड़ की संभावना के चलते, मार्च 2022 के महीने में आरक्षित ट्रेन सिटों की मांग में तेज वृद्धि की उम्मीद थी। इस मामले को ध्यान में रखते हुए, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने टिकट दलालों के खिलाफ अपने प्रयासों को तेज कर दिया और मार्च 2022 के महीने में पूरे देश में दलालों की गतिविधियों के खिलाफ एक देशव्यापी अभियान शुरू किया।आरपीएफ की क्षेत्रीय इकाइयों ने क्षेत्र, डिजिटल और साइबर दुनिया से जानकारी इकट्ठा की। फिर सूचनाओं का मिलान, सत्यापन और विश्लेषण किया और 1 मार्च 2022 से पूरे देश में टिकट दलालों के खिलाफ अभियान शुरू किया।आरफीएफ द्वारा शुरू किया गया यह अभियान बेहद सफल रहा और इसके परिणामस्वरूप 1459 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 341 अधिकृत आईआरसीटीसी एजेंट थे, लेकिन वे रेलवे टिकटों की दलाली में भी शामिल थे। इन आईआरसीटीसी एजेंटों को ब्लैकलिस्ट करने और 366 आईआरसीटीसी एजेंटों की आईडी और 6751 व्यक्तिगत आईडी को ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मार्च महीने में टिकट दलालों की गिरफ्तारी पिछले महीने यानी फरवरी 2022 के आंकड़े से करीब 3.64 गुना है। इन टिकट दलालों द्वारा अवैध रूप से खरीदे गए 65 लाख रुपये से अधिक मूल्य की भविष्य की यात्रा के रेलवे टिकटों को बरामद कर रद्द कर दिया गया है, जिससे ये सीटें सही मायने में हकदार रेलव यात्रियों को उपलब्ध हो गईं हैं। पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल ने भी इस अभियान ऑपरेशन उपलब्ध के तहत माह मार्च 2022 में 45 प्रकरण दर्ज करके 4265 रेलवे ई-टिकिटों की कीमत रुपये 01लाख 14 हजार 595 को सिज्ड करते हुए 48 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया।

### ऑपरेशन उपलब्ध

उसे अभियान के तहत महीने भर का देशव्यापी अभियान ने दलालों की गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगाने और आम आदमी को रेलवे टिकट उपलब्ध कराने में समर्थ बनाया है। भारतीय रेलवे आम जनता को अनाधिकृत व्यक्तियों से टिकट न खरीदने की सलाह देता है ।

## चेटीचंड पर हुई बहराणा एवं जल ज्योति की पूजा

**जबलपुर यश भारत । भगवान झूलेलाल के जन्म उत्सव सिंधी समाज द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री झूलेलाल मंदिर भर्ती पुणे जिसमें सर्वप्रथम पंडित प्रदीप शर्मा द्वारा बहराना जल ज्योति की पूजा की गई ।**



इसके पश्चात स्वामी रामदास जी स्वामी अशोक आनंद जी स्वामी असम दास जी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रवचन किए गए स्वामी रामदास जी ने कहा कि सिंधी समाज के ऊपर भगवान झूलेलाल की असीम कृपा है जिससे वे अपने पुरुषार्थ से हर परिस्थिति को अपने अनुकूल बना लेता है सिंधी समाज मानव सेवा में सदैव अग्रि रहता है वह अपनी उन्नति के साथ अपने साथ जुड़े लोगों के उत्थान के लिए भी हमेशा प्रयासरत रहता है अशोक रोहाणी विधायक कैंट क्षेत्र ने समाज समाज को सिटीजन की शुभकामनाएं दी एवं उन्होंने प्रण किया कि दादा ईश्वरदास रोहाणी द्वारा मानव सेवा के लिए शुरू ही के कार्यों को वह निरंतर जारी रखें गे आयोजक समिति के मोतीलाल परवानी राजकुमार कांधारी दिलीप तलरेजा त्रिलोक वासवानी उमेश वासवानी सोनू बचवानी उ माधवदास कुदनानी पप्पू जय भोले अजय सुखवानी दिलीप हिरानी राम अहूजा आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## राजकोट-रीवा-एक्सप्रेस में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक कोच स्थायी रूप से बढ़ाया

**जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को हमेशा ही बेहतर सुविधाएं दिये जाने का प्रयास किया जाता है। इसी श्रंखला में अतिरिक्त यात्री यातायात की प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 22937/22938 राजकोट-रीवा-राजकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक कोच स्थाई रूप से बढाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना स्टेशनों से होकर रीवा स्टेशन पर टर्मिनेट/प्रारम्भ होगी। इस ट्रेन की विस्तृत जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 22937 राजकोट से रीवा सुपरफास्ट साप्ताहिक (रविवार) एक्सप्रेस में दिनांक 03.04.2022 से 29.05.2022 तक प्रारंभिक स्टेशन राजकोट से और वापसी में गाड़ी संख्या 22938 रीवा से राजकोट सुपरस्टार साप्ताहिक (सोमवार) एक्सप्रेस में प्रारंभिक स्टेशन रीवा से दिनांक 04.04.2022 से 30.05.2022 तक जुड़ने लगेगा। ट्रेन कंपोजिशन गाड़ी में एक कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच के साथ चलेगी।

## 10 सीएम राइज स्कूलों से बदलेगी शिक्षा की दिशा, जल्द शुरू होंगे

# जबलपुर के सरकारी स्कूल होंगे आधुनिक



**जबलपुर यशभारत।** निजी स्कूलों की तर्ज पर शिक्षण कार्य कराने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जबलपुर जिले में सीएम राइज स्कूलों को लेकर तेजी से काम शुरू किया जा रहा है। क्लासरूम को आधुनिक तरीके से तैयार किया जाएगा। सीएम राइज स्कूलों के स्ट्रक्चर को जारी कर दिया गया है। जिले में चिन्हित किए गए 10 स्कूलों में अलग से शैक्षणिक अमले की पदस्थापना की कवायद शुरू कर दी गई है। पदस्थापना के लिए शिक्षकों, प्राचार्यों की परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है।

### आधुनिक होगी क्लास रूम व्यवस्था

सीएम राइज स्कूल अंग्रेजी माध्यम के साथ शुरू किए जा रहे हैं। इसके लिए क्लासरूम को अत्याधुनिक तरीके से तैयार किया जाएगा। केजी से लेकर बड़ी क्लास में राउंड टेबिल होगी तो वहीं टीचिंग लनिंज़्ग इक्विपमेंटस केबिन जैसी व्यवस्थाएं भी होंगी। बच्चों के लिए अलग से शूज रैक्स, कक्षाओं में मल्टीकलर स्लाइड होंगी।

### 4 करोड़ की राशि होगी खर्च

जानकारों के अनुसार जिले के स्कूलों में करीब चार करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रूप से हर स्कूल को 5-5 लाख रुपए की राशि रिनोवेशन के लिए जारी की जा चकी है। इस राशि के माध्यम से कक्षों में सुधार कायज़् आदि का काम शुरू करा दिया गया है।

### यह मिलेगी बच्चों को सुविधा

- स्माटज़् क्लास रूम की व्यवस्था
- नसज़्री से हायर सेंकेडरी तक पढ़ाई
- अंग्रेजी के साथ हिन्दी माध्यम
- पुस्तकालय की सुविधा
- खेल परिसर
- नया प्रशिक्षित स्टाफ

### ये स्कूल चयनित

- शा. उमावि मेडिकल कॉलेज
- शा. उमावि आधारताल
- शा. कन्या उमावि करौंदी
- शा. उमावि बरेला
- शा. उमावि सिंगौद
- शा. उमावि मझौली
- शा. उमावि चरगवां
- शा. उमावि विष्णुदत्त सिहोरा
- शा. उमावि मॉडल कुंडम
- शा.उमावि पाटन

### यह होगा फनीज़्चर

- 30 से 40 राउंड टेबिल केजी एवं क्लास वन
- 60 से 80 चेयर
- 07 टीचिंग लनिंज़्ग इक्विपमेंट केबिन
- 07 शूज रैक्स

# 9 साल की मासूम से छेड़छाड़

**परिजनों ने देखा तो पुलिस से की शिकायत**



## छात्र की करतूत, गोद में बैठा रहा था

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा की सैनिक सोसायटी में एक नौ साल की मासूम के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जिमसें मोहल्ले में ही रहने वाला छात्र अक्सर मासूम के साथ खेलता था, लेकिन जब उसने गोद में बैठालने का प्रयास किया तो मासूम घबरा गई। परिजनों ने जब पूछताछ की तो आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसके बाद मासूम के साथ थाने पहुंचे परिजनों ने मामले की शिकायत की। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सैनिक सोसायटी निवासी परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत करते हुए बताया कि उनकी नौ साल की बेटी घर में खेल रही थी, तभी मोहल्ले का रहने वाला 19 वर्षीय आसू आया और अजीब तरीके से बच्ची के साथ खेलने लगा। परिजनों ने जब बच्ची से बात की तब कहीं जाकर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपी छात्र की तलाश शुरु कर दी है।

# 17 साल के किशोर ने लगाई फांसी

**टेंट शाप में करता था वेटर का काम**



**जबलपुर, यशभारत।** टेंट शॉप में वेटर का काम करने वाले एक 17 साल के किशोर ने अपने घर में चुनरी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। मां और बड़ा भाई काम के बाद जब घर पहुंचे तो लाडले को फंदे पर झूलता हुआ देखकर स्तब्ध रह गए। जिसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। मामले की जानकारी देते हुए एसआई ब्रजेन्द्र तिवारी ने बताया कि 17 वर्षीय किशोर पिता मुरारी लाल ठाकुर ने घर में फांसी लगा ली। सूचना पर शव कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

### सबका लाड़ला था उसका भाई

मेडिकल में पीएम कराने पहुंचे मृतक के बड़े भाई ओमकार ठाकुर ने बताया कि उसका छोटा भाई हंसमुख था और सभी का लाडला था। वह टेंट शॉप में वेटर का काम करता था। घटना के दौरान कोई घर में नहीं था। उसने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया किसी को ज्ञात नहीं है। वहीं, पुलिस की मानें तो युवक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।



# माध्यमिक शिक्षा मंडल के मूल्यांकन में लापरवाही

**पहले चरण की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ नहीं दूसरे चरण की कापियां आई**

जबलपुर, यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन समय पर होता नहीं दिख रहा है। इस कार्य में किस तरह से लापरवाही हो रही है अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहले चरण के लिए भेजी गई अंग्रेजी-संस्कृत की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अभी पूरा नहीं हुआ है और दूसरे चरण की ढाई लाख कापियां मूल्यांकन के लिए एमएलबी स्कूल भेज दी गई है।

**100 शिक्षकों को जारी हुआ शोकॉज नोटिस**

मूल्यांकन केंद्र प्रभारी ने शिक्षकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी दिखाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को एक सूची भेजी जिसमें उन शिक्षकों के नाम शामिल है जो मूल्यांकन कार्य से गायब है। कहा जा रहा है कि ऐसे शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

### 500 शिक्षकों में सिर्फ 350 पहुंच रहे हैं

मूल्यांकन केंद्र प्रभारी प्रभा मिश्रा ने बताया कि मूल्यांकन कार्य के लिए 500 शिक्षकों की तैनाती हुई है लेकिन उसमें सिर्फ 350 शिक्षक ही पहुंच रहे हैं। कुछ शिक्षक स्थानीय परीक्षा को आयोजित कराने में जुटे हैं परंतु कुछ ऐसे शिक्षक है जो जानबूझकर नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे शिक्षकों की सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेज दी गई है।

### शिक्षा विभाग के अधिकारी लापरवाह साबित हुए

मूल्यांकन कार्य में जिस गति से चल रहा है उसका प्रमुख कारण जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी है। इनके लचीले पन के कारण शिक्षक मूल्यांकन कार्य में नहीं पहुंच रहे हैं। जानकर हैरानी होगी कि दूसरे चरण का मूल्यांकन शुरू हो गया जिसके तहत ढाई लाख उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए पहुंची ।

### *अंग्रेजी-संस्कृत कापियों का मूल्यांकन नहीं हुआ*

*पहले चरण में एमएलबी स्कूल मूल्यांकन केंद्र में विभिन्न विषयों की सवा लाख उत्तरपुस्तिकाएं आई थी जिसमें अंग्रेजी और संस्कृत 30 हजार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं हुआ। जानकर हैरानी होगी कि इन विषयों के शिक्षकों का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया इसके बाबजूद शिक्षक मूल्यांकन कार्य में नहीं पहुंचे।*

# 2 के 10 लाख दिए

# फिर भी नहीं चुका मूल

## सूदखोर ने घर में पहुंचकर पति को दी जान से मारने की धमकी

यशभारत जबलपुर। गढ़ा गौतम मढिया के पास रहने वाले परिवार ने जरूरत पडने पर निर्धारित ब्याज पर 2 लाख कर्ज लिया, जिसके एवज में सूदखोर 10 लाख रुपए वसूल चुका है। सूदखोर ब्याज पर ब्याज लगाते हुए कर्ज मुक्त करने के लिए 10 लाख रुपयों की और मांग कर रहा है।

रुपए न मिलने पर सूदखोर और उसके साथी ने महिला के घर में घुसकर हाथापाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीडित महिला ने मामले की शिकायत गढा थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 452,294,506, 34 का अपराध पंजीबद्ध करते हुए ममाले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।




गढा थाना पहुंची महिला रश्मि बिल्थरे ने पुलिस को बताया कि उसने कुछ साल पहले अब्बू खान से 2 लाख रूपए का कर्ज लिया था। अब्बू खान को रश्मि और उसका पति बलराम पांडे अब तक करीब 10 लाख रुपए दे चुके हैं। अब्बू खान अभी भी कर्ज और ब्याज की रकम 10 लाख होना बताकर धमकी दे रहा है। 26 मार्च की रात करीब 11=30 बजे अब्बू खान अपने साथी के आया और रश्मि से कहने लगा कि कहां है तेरा पति मुझे 10 लाख रुपए चाहिए हैं। अब्बू ने जाते-जाते धमकाया कि रकम अदा कर दो नहीं तो पति को जान से खत्म कर देंगे।

# दोस्त ने ही दोस्त को मारे चाकू

**पैसों के लेनेदेन को लेकर बढ़ा विवाद,**

**जबलपुर, यशभारत।** सिविल लाइन के मरियम चौक में पैसों के लेनदेन को लेकर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। जिसमें दोस्त ने ही दोस्त को चाकू घोंप दी और मौके से फरार हो गया। आरोपी के साथ उसका एक अन्य साथी भी था। घटना के बाद पीड़ित को राहगीरों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिवम गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसका शिवा जॉर्ज और वासुदेव से पैसों का लेने देन था। जिसके चलते वह अपने दोनों दोस्तों के साथ मरियम चौक में बात कर रहा था। लेकिन तभी शिवा जॉर्ज ने जमकर गालीगलौच की और मारपीट करने लगा। जब उसने विरोध किया तो दोनों ने पहले तो उसे बुरी तरह से पीटा और फिर शिवा ने उसे चाकू घोंपकर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# किशोरी को प्रेम जाल में फांसकर ले जा रहा था बिहार

**प्रेमी जोड़े को पटना सुपरफास्ट से स्टेशन में उतारा**

**जबलपुर यश भारत।** मुंबई से ट्रेन में सवार होकर एक 17 साल की किशोारी को 22 वर्षीय युवक प्रेमजाल में फंसाकर बिहार ले जा रहा था। लेकिन समय रहते जीआरपी ने किशोरी को दस्तयाब कर लिया।

मुंबई से चलकर पटना जाने वाली गाड़ी संख्या 21 141 पटना सुपरफ ास्ट के जनरल कोच में सवार होकर मुंबई से एक 22 वर्षीय युवक 17 वर्षीय किशोरी को बिहार भगाकर ले जा रहा था। घटना की सूचना कंट्रोल रूम से आरपीएफको लगते वह ट्रेन आने की पूर्व मौके पर पहुंची और जोड़े को ट्रेन से नीचे उतारकर प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत आरपीएफ में जीआरपी के सुपुर्द कर दिया ।




### किशोरी को चाइल्डलाइन के किया सुपुर्द

रेलवे सूत्रों ने बताया कि मुंबई के निजामपुर भिवंडी जिला ठाणे की रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी को मुजफ्फरपुर बिहार निवासी 23 वर्षीय युवक ने पहले तो नाबालिग को अपने प्रेम जाल में फंसाया और योजना के अनुसार उसे मुंबई से पटना जाने वाली सुपर फास्ट में भगा कर बिहार ले जा रहा था। इधर जब किशोरी शाम तक अपने घर नहीं पहुंची तो परिजनों द्वारा मुंबई के शांति नगर थाने में धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया। पुलिस ने इस मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई। जिसके बाद उक्त खबर आरपीएफजबलपुर को लगते हैं वह मौके पर पहुंची और दोनों को उतार कर जीआरपी के सुपुर्द किया गया । जीआरपी ने पूछताछ करने के बाद किशोरी एवं युवक के परिजनों एवं मुंबई के शांति नगर थाने में इस घटना की सूचना दी गई। परिजनों के आने तक किशोरी को जीआरपी ने चाइल्डलाइन के सुपुर्द किया गया वही युवक को थाने में रखा गया है।

# अब्दुल रज्जाक ने 13 करोड़ की शासकीय भूमि पर किया था कब्जा



**जबलपुर पुलिस एवं प्रशासन की नगर निगम के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही**

**जबलपुर, यशभारत।** हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक ने बरेला के गौर में नेशनल हाईवे से गौर जमतरा के लिए जाने वाले रास्ते पर सीमेंट के पोल गाड़कर तार की फेंसिंग कर 13 करोड़ों रुपए की 2.5 एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रास्ते को बंद कर दिया था। जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई कर शासकीय भूमि को मुक्त कराया। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी. एवं एसपी तथा नगर निगम कमिश्नर के मार्गदर्शन में हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक निवासी बड़ी ओमती नया मोहल्ला ओमती जिसके खिलाफ अवैध वसूली, बलवा कर मारपीट करना, आर्म्स एक्ट, वन्य प्राणी अधिनियम, हथियारों से लैस होकर हत्या करना, धोखाधड़ी जैसे संगीन अपराध घटित किये गऐ है । थाना बरेला के ग्राम गुरैयाघाट स्थित लगभग 13 करोड़ की शासकीय भूमि रकवा 1.072 हैक्टियर (2.5 एकड़) भूमि पर अवैध कब्जा कर सीमेन्ट के पोल गाड़कर, तार फैंसिंग कर अपने खेत में शामिल कर नेशनल हाईवे क्रमांक 12ए से गौर जमतरा के लिए जाने वाले रास्ते को बंद कर रखा था। जिसको जबलपुर पुलिस के द्वारा प्रशासन एवं नगर निगम के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही करते हुये कब्जा मुक्त कराया गया है।



### ये रहे मौजूद

विवाद होने की आशंका को ध्यान मे रखते हुये कार्यवाही के दौरान उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अपूर्वा किलेदार, तहसीलदार श्याम चंदेले, नायाब तहसीलदार सुरेश कुमार सोनी,, थाना प्रभारी बरेला जितेन्द्र यादव, चौकी प्रभारी गौर उप निरीक्षक टेकचंद शर्मा, थाना खमरिया, रांझी,ग्वारीघाट के बल के साथ एवं नगर निगम के लक्ष्मण कोरी, अतिक्रमण दस्ता के साथ मौजूद रहे।

# सरस्वती घाट में बहती मिली अर्धनग्न युवक की लाश

**8 दिन पुराना है शव , क्षेत्र में हड़कंप**



**जबलपुर, यश भारत।** तिलवारा के सरस्वती घाट में आज रविवार को सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक की अर्धनग्न लाश नर्मदा में बहती हुई लोगों ने देखी । जिसके बाद इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद नर्मदा में बह रही लाश को गोताखोरों ने रेस्क्यू किया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि शव करीब 8 दिन पुराना है। जिसके चलते शव की शिनाख्तगी में दिक्कत आ रही है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि आज सुबह सूचना प्राप्त हुई की तिलवारा घाट की ओर से लगभग 35 वर्षीय युवक की अर्ध नग्न लाश नर्मदा में बहती हुई सरस्वती घाट की ओर जा रही है सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को नर्मदा से निकलवा कर अपने कब्जे में लेते हुए प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर पतासाजी करने में लगी हुई है।

# कार में फंस गयी तेज रफ्तार बाइक : दो घायल

**जबलपुर, यश भारत।** मझौली में एक कार चालक ने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवारों को जबरदस्त टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। कार में बाइक फंसने के बाद 50 फीट तक घिसटती चली गई । जानकारी अनुसार घाट सिमरिया ग्राम का रहने वाला 22 वर्षीय पवन कोल पिता सुंदर एवं जबलपुर निवासी 30 वर्षीय अजय भूमिया बाइक में सवार होकर किसी काम से सिहोरा मार्ग से होते हुए मझौली आ रहे थे। यह दोनों जैसे ही पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने बाइक सवारों को जबरदस्त टक्कर मार दी । जिसमें पवन एवं अजय को गंभीर रूप से चोट आने के कारण दोनों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया पुलिस ने बताया कि अजय भूमिया को गंभीर रूप से चोट आने के कारण उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है ।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना संख्या: ईएल/कोटा/परि./22/ई.पी.सी./1R दिनांक: 26.03.2022**

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से मु.परि.प्र.(वि.) पश्चिम मध्य रेल, कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम**- निविदा संख्या- ईएल/कोटा/परि./22/ई.पी.सी./1R दिनांक 26.03.2022 कोटा मंडल के नागदा-कोटा सेक्शन में डिजाईन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग तथा कमीशनिंग का कार्य 132/55 केवी के कर्षण सब स्टेशन (टी.एस.एस.) सेक्शनिंग पोस्ट (एस.पी.) सब सेक्शनिंग पोस्ट(एस.एस.पी.)(2X25 केवी. सिस्टम स्कोट कनेक्टेड ट्रांसफॉर्मर के साथ) दिल्ली- मुंबई रूट पर 160 केएमपीएच तक स्पीड बढ़ने के संबंध में। **अनुमानित लागत**- 952825496/-, **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय**- दिनांक 14.05.2022 को 11:00 बजे। **वेबसाईट का विवरण तथा पता**- https://www.ireps.gov.in/ मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत) प्रथम तल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प.म.रे. कोटा - 324002, ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेगें। निविदादाता के पास क्लास ।।। डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ ले।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

कोरोना को है हराना,
तो टीकाकरण जरूर कराना

# एनीमिया पीड़ित प्रेग्नेंट महिला एल्गिन में भर्ती

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर फरवरी के हेल्थ सूचकांक में पूरे प्रदेश में अव्वल था। पर अब भी जिले में ऐसी एनीमिया पीड़ित प्रेग्नेंट महिलाएं हैं, जो हाई रिस्क में हैं। इन महिलाओं के शरीर में 6 ग्राम से भी कम खून बचा है। कुंडम क्षेत्र में एक ऐसी ही महिला मिली, जिसके शरीर में महज 3.4 ग्राम खून मिला। महिला को एल्गिन में भर्ती कराया गया है।**

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान महिला की जांच की थी



सीएमएचओ डॉक्टर रत्नेश कुरारिया ने बताया कि आशा और आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ताओं की मदद से गर्भवती महिलाओं पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में पता चला कि कुंडम में एक महिला प्रेग्नेंट है और एनीमिया की चपेट में है। महिला हाई रिस्क एनीमिया की चपेट में है। बावजूद वह अस्पताल जाने को तैयार नहीं थी। ऐसे में बीएमओ खुद महिला के घर पहुंचे। महिला की काउंसलिंग की गई। परिवार वालों को समझाया गया। तब जाकर वह भतीज् के लिए तैयार हुई। बीएमओ अपने वाहन से महिला को लेकर एल्गिन अस्पताल पहुंचे। जांच में उसके शरीर में महज 3.4 ग्राम खून मिला। उसे तुरंत ब्लड चढ़ाने की जरूरत डॉक्टरों ने बताई। सीएमओ कुरारिया और डीपीएम विजय पांडे एल्गिन पहुंचे। अपनी निगरानी में उसे ब्लड चढ़वाया।

### दो दिन रहेगी एल्गिन में

सीएमएचओ के मुताबिक महिला की काउंसलिंग की गई। उसे अभी दो दिन तक एल्गिन में भर्ती रखा जाएगा। महिला भी अब इलाज कराने को तैयार हो गई है। गभज्वती महिला के साथ आए परिवारजन के रुकने और भोजन की व्यवस्था सीएमएचओ द्वारा करवाई गई। शरीर में खून की कमी से बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा होगा।

### क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य ने भी लिया संज्ञान

गंभीर अवस्था में गर्भवती महिला की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ संजय मिश्रा रानी दुगाज्वती चिकित्सालय पहुंचे। चिकित्सालय प्रबंधन से महिला के स्वास्थ्य की जानकारी ली। डॉ. संजय ने बताया कि नार्मल डिलीवरी के लिए प्रेग्नेंट महिलाओं में औसतन 12 ग्राम खून होना चाहिए। मगर जांच के दौरान महिलाओं में 6 से 8 ग्राम खून ही मिल रहा है। यही सर्जरी से डिलीवरी होने का भी सबसे बड़ा कारण बनता है।

# रेत से 1100 करोड़ की कमाई अब शराब भरेगी खजाना

**पहली बार मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार से जीएसटी क्षतिपूर्ति में 10 हजार 106 करोड़ रुपये मिले हैं।**



**भोपाल।** कोरोना काल में गड़बड़ाई मध्य प्रदेश की वित्तीय स्थिति अब पटरी पर आ गई है। सरकार को हर क्षेत्र से भरपूर आमदनी हो रही है। पेट्रोल- डीजल की कीमत बढ़ने का असर खजाने पर नजर आ रहा है तो रेत से बीते साल 1100 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। इस वर्ष शराब खजाना भरेगी। आबकारी से 11 हजार 944 करोड़ रुपये इस साल सरकार को मिलेंगे। पहली बार मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार से जीएसटी क्षतिपूर्ति में 10 हजार 106 करोड़ रुपये मिले हैं। प्रदेश में रेत के ठेकों को लेकर वित्तीय वर्ष 2021-22 काफी उथल- पुथल भरा रहा है। 16 जिलों में ठेकेदारों ने खदानें लेने के बाद किस्त नहीं चुकाई तो सरकार ने ठेके निरस्त कर दिए। कुछ ठेकेदारों ने खदानें चलाने में असमर्थतता जताते हुए वापस लौटा दीं। इसके बावजूद सरकार को एक हजार 100 करोड़ रुपये का राजस्व रेत से प्राप्त हुआ। जबकि 2020-21 में 620 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए थे। विभाग का कुल राजस्व पांच हजार करोड़ रुपये से सात हजार 100 करोड़ रुपये पहुंच गया है। रेत के ठेके फिर से किए गए हैं, जो 15 दिन में तय हो जाएंगे। उधर, शराब भी सरकार के खजाने को भरने का काम कर रही है। पिछले साल आबकारी से 10 हजार 380 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ, जो इस बार आबकारी नीति को लेकर तमाम विरोध के बावजूद 11 हजार 944 करोड़ रुपये मिलना सुनिश्चित हो गया है। मालूम हो कि शनिवार देर रात प्रदेश के 1,124 शराब दुकानों के समूहों की नीलामी का काम पूरा हो गया। आबकारी आयुक्त राजीव दुबे ने बताया कि इस बार साढ़े 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सभी शराब दुकानों की नीलामी हो गई है।

### जीएसटी में मिले 22 हजार 206 करोड़ रुपये

वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी से कुल 21 हजार 600 करोड़ रुपये मिलना अनुमानित था लेकिन 22 हजार 206 करोड़ रुपये मिले हैं। इसी तरह पहली बार जीएसटी क्षतिपूर्ति 10 हजार 106 करोड़ रुपये पहुंच गई है। वर्ष 2020-21 में नौ हजार 835 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति मिली थी। पेट्रोल-डीजल सहित अन्य माध्यमों से मिलने वाले वैट से इस बार दो हजार 259 करोड़ रुपये अधिक राजस्व मिला है। यही स्थिति पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क को लेकर भी है। यह माना जा रहा था कि कोरोना की तीसरी लहर का असर प्लाट, मकान, दुकान आदि की खरीद-बिक्री पर पड़ेगा लेकिन इसके विपरीत पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क से सरकार को एक हजार 361 करोड़ रुपये अधिक मिले हैं। वर्ष 2020-21 में इस मद में छह हजार 802 करोड़ रुपये राजस्व मिला था, जो वर्ष 2021-22 में आठ हजार 163 करोड़ रुपये हो गया।

# राहत इसी महीने मिलेगी

## कोरोना काल के बिजली बिलों में छूट देने 10 अप्रैल तक बिल बांटने पर रोक

**31 अगस्त 2020 से पहले की बकाया राशि हो रही माफ। भोपाल शहर में एक लाख 47 हजार विद्युत उपभोक्ताओं के माफ होंगे 112 करोड़।**




**भोपाल।** कोरोना काल के दौरान बिजलों बिलों में छूट देने के लिए सरकार ने बिल बांटने की प्रक्रिया को 10 अप्रैल तक रुकवा दिया है। इसके बाद बिजली कंपनियों ने भोपाल शहर समेत प्रदेश भर में बिल बांटने पर रोक लगा दी है। यह रोक बिलों को छूट के अनुरूप अपडेट करने के लिए लगाई है। बिलों में छूट उन उपभोक्ताओं को दी जानी है, जिन पर 31 अगस्त 2020 तक बकाया था। प्रदेश में ऐसे बकायादारों की संख्या 88 लाख है, जिनका 6400 करोड़ रुपये माफ होना है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में विधानसभा में यह घोषणा की थी। अब इस घोषणा का पालन करने के लिए शनिवार शाम को ही सरकार की तरफ से बिजली कंपनियों को कहा गया है कि अप्रैल माह में ही पात्रता रखने वाले 100 फीसद उपभोक्ताओं को छूट दी जाए। अभी इन उपभोक्ताओं पर उक्त् राशि बकाया दिखाई जा रही है, जो हर माह बिल में जुड़कर आ रही थी।

### भोपाल के एक लाख 47 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट

भोपाल शहर के एक लाख 47 हजार उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। इनके 112 करोड़ बिल माफ किया जाएगा। ये सभी घरेलू उपभोक्ता है। इन्हें हर माह चालू माह के बिलों में उक्त् बकाया राशि को जोड़कर दिया जा रहा है। इस बकाया के कारण कुछ उपभोक्ता तो चालू माह के बिल भी नहीं चुका रहे थे। अब ऐसे उपभोक्ताओं को छूट के तहत बिल जारी किए जाएंगे। बिलों को छूट के तहत तैयार करने के लिए वर्तमान में बिल बांटने की प्रक्रिया रोकी गई है।

### छूट को ऐसे समझे

— जिन उपभोक्ताओं पर 31 अगस्त 2022 तक बिजली बिल बकाया था, वह पूरा माफ किया जाएगा। जिन्होंने यह बकाया समाधान योजना के तहत जमा कर दिया था, ऐसे उपभोक्ताओं की राशि भी लौटाई जाएगी। यह राशि कैश नहीं दी जाएगी, बल्कि 31 अगस्त 2020 के बाद के बिलों में समायोजित की जाएगी। यदि उपभोक्ताओं ने यह बिल भी चुका दिया है तो आने वाले महीने के बिलों से जमा की गई उक्त् राशि को समायोजित किया जाएगा।

जिन उपभोक्ताओं ने 31 अगस्त 2020 के पहले का घरेलू बकाया जमा नहीं किया है और उनके बिल में यह राशि जोड़कर दी जा रही है उनके बिलों में उक्त अवधि तक की बकाया राशि को ब्याज के साथ माफ किया जाएगा और अगस्त 2020 के खपत की राशि ही बिल में दी जाएगी।

जिन्होंने 31 अगस्त 2020 के बाद का बकाया नहीं भरा है, उसे माफ नहीं किया है। यह राशि तो चुकानी होगी।

### प्रमाण पत्र बांटे जाएंगे

बिजली कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिल माफ किए जाएंगे, उन्हें बिल माफी के प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। ये प्रमाण पत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने—अपने क्षेत्रों में बांटे जाएंगे। जिलों में प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में यह कार्यक्रम होगा।

# पानी की सप्लाई फिर प्रभावित

## बैरागढ़ में बूढ़े हो गए फिल्ट्रेशन प्लांट में बार-बार आ रही खराबी



**भोपाल।** संत हिरदाराम नगर में पानी की सप्लाई बार-बार प्रभावित हो रही है। इसका मुख्य कारण पानी की कमी नहीं, बल्कि उपकरणों में बार-बार आ रही खराबी है। यहां स्थित एक फिल्ट्रेशन प्लांट में स्थापित उपकरण वर्षों पुराने हैं। इनमें आ रही बार-बार खराबी के कारण नागरिकों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। साधु वासवानी कॉलेज रोड स्थित फिल्ट्रेशन प्लांट से जिन इलाकों में पानी की सप्लाई होती है, वहां लोगों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। शनिवार को भी फिल्ट्रेशन प्लांट में स्थित एक शुरुआती वाल्व में खराबी आ गई। इस कारण शाम के समय होने वाली पानी की सप्लाई को रोक देना पड़ा, क्योंकि वाल ?व खराब होने के कारण टंकियों को नहीं भरा जा सका। नगर निगम के जलकार्य विभाग ने पहले संभावना व्यक्त की थी कि देर रात को पानी की सप्लाई की जा सकती है लेकिन ऐन मौके पर नागरिकों को सूचना दी गई कि अब पानी की सप्लाई रविवार को होगी। रविवार को सुबह 6:00 बजे से नल खुलना शुरू हुए और कॉलोनी स्तर पर पानी की सप्लाई फिर से सामान्य हुई। जल कार्य विभाग के सहायक यंत्री सचिन साहू के अनुसार कुछ उपकरण बहुत पुराने हो गए हैं। खराबी आने पर ही पता चल रहा है कि उन्हें अब बदलने की जरूरत है। जानकारी मिलने पर सुधार कार्य किया जा रहा है। पूर्व पार्षद भारती महेश खटवानी ने बार-बार आ गई खराबी पर नाराजगी व्यक्त की है।

### ग्रीष्मकाल शुरू होते ही दिक्कत शुरू

संत हिरदाराम नगर में इस बार ग्रीष्मकाल शुरू होते ही पानी की किल्लत शुरू हो गई है। पिछले एक माह से करीब आधा दर्जन बार सप्लाई लाइनों में खराबी आ चुकी है। हाल ही में चंचल रोड पर तीन बार सड़क को खोदना पड़ा था, क्योंकि पानी की सप्लाई लाइनों में फाल्ट आ गया था। फाल्ट ढूंढने में जलकार्य विभाग के कर्मियों को काफी समय लग गया। इस कारण नागरिकों को पानी समय पर नहीं मिल पाया। जलकार्य विभाग में मैदानी अमले की कमी भी महसूस की जा रही है। अमला कम होने के कारण फाल्ट तत्काल नहीं सुधर पाता। हाल के दिनों में वरुण पार्क एवं संत जी की कुटिया के निकट भी लाइन में खराबी आ गई थी, जिससे गांधीनगर की पानी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। हालांकि अब स्थिति सामान्य हो गई है।

# गेहूं खरीदी करने के लिए काम पर लौटे 55 हजार कर्मचारी



**भोपाल ।** सहकारी समितियों में गेहूं बेचने वाले किसानों को अब मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इन समितियों में गेहूं की खरीदी करने वाले 55000 सहकारी कर्मचारी काम पर लौट गए हैं। इन्होंने शनिवार से गेहूं खरीदी का काम भी शुरू कर दिया है। इस सीजन में आगे हड़ताल नहीं करेंगे, यह भरोसा भी दिया है। मध्य प्रदेश सहकारिता सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष बीएस चौहान ने बताया कि मध्य प्रदेश में शुरू से उपार्जन का काम सहकारी समिति ही करती आई है। इसके पहले खाद बीज और राशन वितरण का काम भी यही समितियां करती थी। सरकार की हर तरह की योजनाओं को किसान और जनता तक पहुंचाने में इन समितियों ने योगदान दिया है। बदले में इन समितियों के कर्मचारियों को सरकार की तरफ से एक रूपए का भुगतान नहीं किया गया है। केवल यह समितियां खुद के व्यवसाय पर मिलने वाले लाभ से कर्मचारियों को वेतन वितरित करती है लेकिन यह लाभ भी सीमित होता है जिसकी वजह से प्रत्येक कर्मचारी की वेतन 6 से लेकर 12000 रूपए तक ही बन पाती है। इससे ज्यादा किसी को वेतन देने योग्य स्थिति समितियों की नहीं है। बीएस चौहान ने बताया की हर साल गेहूं की खरीदी में समितियों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार नागरिक आपूर्ति निगम से समय पर कमीशन भी नहीं मिलता और इस तरह कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं हो पाता है। फिर भी कर्मचारी सरकार के निर्देशों पर प्रदेश के किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराते हैं, बीज उपलब्ध कराया जाता है और वर्षों से समय पर समुचित गेहूं और धान खरीदी करते हैं। अब तक समितियों ने किसानों को किसी तरह परेशान नहीं होने दिया है। तब भी समिति कर्मचारियों को सरकार ने अपने हाल पर छोड़ दिया है न तो कैडर है और ना ही शासकीय सेवक का दर्जा है। जब चाहे तब निकाल दिया जाता है या फिर वेतन रोक लिया जाता है। कई बार तो छोटी समितियों में घाटा होने का कह कर दो दो महीने तक कर्मचारियों को घर में बैठा कर रखा जाता है और वेतन भी नहीं दिया जाता। किसानों की सबसे ज्यादा मदद करने वाले कर्मचारियों की दुर्दशा को बार-बार शासन प्रशासन के सामने रख रहे हैं। तब भी कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है। इन्हीं परेशानियों से निराश होकर पूरे मध्यप्रदेश के कर्मचारियों ने इस बार गेहूं खरीदी नहीं करने का निर्णय लिया था लेकिन किसानों की परेशानियों और शासन के अधिकारियों से मिले भरोसे के बाद काम पर लौट गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष बीएस चौहान ने मध्य प्रदेश सरकार से सभी मांगों का समय पर निराकरण करने की मांग की है।

# बैरागढ़ के इनडोर स्टेडियम में कुश्ती के दाव-पेंच सीख सकेंगी बालिकाएं

## महिला कोच की होगी नियुक्ति



**भोपाल।** राजधानी के उपनगर बैरागढ़ में निर्मित राजमाता विजयाराजे सिंधिया इनडोर स्टेडियम में जल्द ही बालिकाएं कुश्ती के दाव-पेंच सीखती नजर आएंगी। यहां कुश्ती का मुकाबला भी हो सकेगा। खेल एवं युवक कल्याण विभाग ने यहां कुश्ती के लिए एक विशेष कक्ष का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। इस कक्ष में कुश्ती मैट की व्यवस्था की गई है। कुश्ती मुकाबले के दौरान बालिकाओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जल्द ही यहां पर महिला कोच की नियुक्ति की जाएगी। टीटी नगर खेल स्टेडियम में सेवाएं दे रही एक कोच यहां भी कुछ समय के लिए बालिकाओं को प्रशिक्षत करेंगी। स्टेडियम प्रभारी लक्ष्मीनारायण तुली के अनुसार कुश्ती कक्षा में सभी सुविधाएं होंगी। यहां आधुनिक मैट लगाए गए हैं जिससे खिलाड़ियों को चोट नहीं लगेगी। कुश्ती कोच अगले माह से सेवाएं देने लगेंगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश में बालिकाएं यहां आकर कुश्ती प्रशिक्षण ले सकती हैं। इनडोर स्टेडियम में टेबल टेनिस एवं बैडमेंटन कक्ष भी बना है। यहां बड़ी संख्या में खिलाड़ी पहुंचते हैं। हाल ही में यहां पर वाटर कूलर भी लगाया गया है। खिलाड़ियों को भीषण गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इनडोर स्टेडियम का निर्माण बलिदानी हेमू कालानी स्टेडियम के एक हिस्से में किया गया है। पूर्व जोन अध्यक्ष राजेश हिंगोरानी व जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कुश्ती कोच का अवलोकन करते हुए इसके निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### इनडोर स्टेडियम बनने से खिलाड़ी प्रसन्न

जहां राजमाता विजयाराजे खेल स्टेडियम का निर्माण किया गया है, वहां किसी समय असामाजिक तत्वों का अड्डा था। यहां पर दो दशक पहले भोपाल विकास प्राधिकरण ने स्वामी शांतिप्रकाश मंच का निर्माण किया था। मंच की आड़ में असामाजिक तत्व रात के समय शराब पीते नजर आते थे। संत हिरदाराम नगर के खिलाड़ियों ने पहले यहां अपने स्तर पर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया। दो साल पहले खेल एवं युवक कल्याण विभाग ने यहां भव्य इनडोर स्टेडियम का निर्माण करा दिया। अब यह स्थान खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित हो गया है। सुबह के समय बड़ी संख्या में युवा यहां टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन खेलते पहुंचते हैं।

# MP के 17 सड़कों पर लगेगा टोल टैक्स




**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने 17 सड़कों पर टोल टैक्स लगाने का निर्णय किया है। इन मार्गों पर निजी उपयोग में आने वाले वाहनों को टैक्स से छूट रहेगी। शुल्क वसूली के लिए मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम टेंडर करेगा। ठेका पांच साल के लिए दिया जाएगा और इसमें पांच साल की वृद्धि भी की जा सकेगी। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़कों के रखरखाव के लिए व्यावसायिक वाहनों से टोल टैक्स लिया जाएगा। प्रति वर्ष थोक मूल्य सूचकांक के आधार पर दर में वृद्धि होगी, जो सितंबर से प्रभावी की जाएगी। टोल से प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग सड़कों के विकास और संधारण के काम में होगा।

### इन सड़कों पर लगेगा टोल

- पन्ना-अजयगढ़
- मोहनपुर-बेहट-मऊ
- आष्टा-कन्नौद
- महूआ-चुवाही
- परसोना-महूआ-बरखा
- कटनी-विजयराघवढ़-बरही
- हरदुआ-चाकघाट
- तिलवारी-चरगांव-गोटेगांव
- उज्जैन-मक्सी
- मुरार-चितोरा
- सनावद-खरगोन
- रीवा-बंकुइया-सेमरिया
- डबरा-भितरवार-हरसी
- खाटकीया-बीनागंज
- बदनावर-थांदला
- नसरुल्लागंज-खातेगांव

### इन्हें रहेगी छूट

- केंद्र या राज्य सरकार से संबंधी वाहन।
- सांसद-विधायक।
- भारतीय सेना से संबंधित वाहन।
- एंबुलेंस।
- फायर ब्रिगेड।
- भारतीय डाक तथा तार विभाग के वाहन।
- कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टर-ट्राली।
- आटो रिक्शा, दुपहिया तथा बैलगाड़ी ।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अधिमान्य पत्रकार।
- भूतपूर्व सांसद एवं विधायक के वाहन।

ये रहेगी दर

श्रेणी- दर (रुपये प्रति किलोमीटर, प्रति फेरा)

हल्के व्यावसायिक वाहन- 0.85

ट्रक- 2.11

मल्टी एक्सल ट्रक- 4.21

# ग्वालियर को 10 विकेट से हराकर जीता अंतर संभागीय अंडर-18 बालिका वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट




**भोपाल ।** श्रेया दीक्षित के शानदार अर्धशतक 65 रनों की मदद से भोपाल ने मेजबान ग्वालियर संभाग को 10 विकेट से पराजित कर एमपीसीए अंतर संभागीय अंडर-18 बालिका वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया है। ग ?वालियर को रनरअप ट्राफी से संतोष करना पड़ा।पिछले वर्ष ग्वालियर ने सेमीफाइनल में भोपाल को हराकर बाहर किया था। भोपाल ने खिताबी जीत के साथ ही अपनी पुरानी हार का भी बदला ले लिया। शंकरपुर स्टेडियम पर ग्वालियर ने अपने घरेलू मैदान पर जीतकर भोपाल के खिलाफ पहले बल्लेबाजी चुनी। मध्यक्रम की बल्लेबाज जाह्नवी रावत (65) के अलावा भोपाल की गेंदबाजों के सामने किसी का बल्ला नहीं चला और पूरी टीम 49.1 ओवर में 121 रन ही बना सकी। सलोनी दुबोलिया ने 20 रन की उल्लेखनीय पारी खेली। जवाब में भोपाल ने 29.5 ओवर में बिना विकेट गंवाए मैच के साथ ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। श्रेया दीक्षित ने 7 चौके लगाकर 69 और पलक ने 3 चौके लगाकर 32 रन की नाबाद पारी खेली। समापन पर एमपीसीए जूनियर महिला टीम चयन समिति की चेयरमैन रेखा पुणेकर विजेता-उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। साथ ही उन्होंने श्रेया को प्लेयर आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा। इस अवसर पर जीडीसीए के नवनियुक्त संजय आहूजा, चयन समिति सदस्य शुभ्रा, उन्मेखा तारे, दीपा, केतकी विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# ओबीसी चयनित शिक्षक डीपीआइ के सामने करेंगे भूख हड़ताल

**भोपाल।** पिछले तीन साल से नियुक्ति का इंतजार कर रहे ओबीसी चयनित शिक्षक नियुक्ति में आरक्षण से जुड़ी विसंगति को दूर करते हुए शीघ्र नियुक्ति देने की मांग को लेकर करीब 13 दिन से भोपाल में डटे हुए हैं। राजधानी के लोक शिक्षण संचालनालय के सामने ओबीसी चयनित शिक्षक नियुक्ति की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को ओबीसी चयनित शिक्षकों ने पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ओबीसी चयनित शिक्षकों का कहना है कि शासन की ओर से कोई भी अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनने नहीं आ रहा है। ओबीसी चयनित शिक्षक 13 दिन से दिन-रात धरना स्थल पर डटे हुए है। तेज धूप में भी वे विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका हौंसला कम नहीं हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में शासन से बातचीत करेंगे। इसके बाद चयनित शिक्षकों ने भारत भवन से पंक्तिबद्ध होकर नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया, लेकिन शासन की तरफ से कोई भी उन्हें आश्वासन नहीं मिला। अब वे आज भूख हड़ताल पर बैठते हुए विरोध जताने की तैयारी में हैं। ओबीसी चयनित शिक्षक संघ का कहना है कि मप्र शिक्षक भर्ती-2018 को वर्ग-1 स्कूल शिक्षा विभाग में 17 हजार पद और जनजातीस कार्य विभाग में दो हजार पदों के लिए विज्ञापन जारी हुआ था। जिसमें प्रथम चरण में 15 हजार पद ओबीसी को 27 फीसद आरक्षण के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। इसी आधार पर मेरिट सूची में नाम आने से दस्तावेजों का सत्यापन कार्य भी पूरा कर लिया गया।

# धूमावती काली मंदिर में जले मनोकामना कलश

धूमा नगर में चैत्र नवरात्रि माहपर्व की धूम नगर के चारो दिखाई दे रही है माता की आराधना में रमे भक्तो का मंदिर प्रांगण में तांता लगा हुआ है माँ धूमावती की हृदय स्थली बाजार चौक धूमा में प्रति प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पारंपरिक रूप से मनोकामना कलश एवं व्यक्तिगत जवारे बोयें गए, जहां धूमा सहित दूर दूर से आये माता के भक्तों व श्रद्धालुओं द्वारा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर मंगल मनोकामना कलश जलाए व जवारे बोयें गये।

## शक्ति पीठ में बोये गये जवारे

नेशनल हाईवे क्रमांक 7 में जबलपुर से 65 किलोमीटर व जिला मुख्यालय सिवनी से 85 किलोमीटर दूर ग्रामीण आंचल में बसे नगर के लोगों की मान्यता के अनुसार धूमा की हृदय स्थल बाज़ार चौक मे माता धूमावती का भव्य मंदिर है जो की पाँच मठों के दरबार से सजा हुआ है जिसमे दो दंत वाले विशाल काय गणेश भगवान की भव्य प्रतिमा, राधा कृष्ण, राम सीता, भोले नाथ विराजित है वहीं पूर्व में शीतला माता मंदिर जिसकी शीतल छाया से धूमा नगर फलीभूत है नगर के उत्तर में विराजमान खेरमाई व नौ देवी मंदिर व शंकर पार्वती मंदिर है जिसकी क्षेत्र में अदुतीय सुंदरता का बखान देखते ही बनता है धूमा नगर के दक्षिण में पूर्व कालिक मूंछ वाले बडे हनुमान जी का स्वरूप क्षेत्र में कहीं भी देखने को नहीं मिलता अपने आप को चारो तरफ से अनेकों अभिभूतियों से सुसजित धूमावती माता की कृपा स्थली धन्य धान से परिपूर्ण है नवरात्रि के पावन पर्व पर रामकथा का आयोजन



## चैत्र नवरात्र महापर्व पर भक्तों का लगा तांता राम कथा का भी आयोजन

### मां धूमावती के प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जवारे कलश एवं राम कथा का आयोजन

आज दिनांक 3 अप्रैल को कलश यात्रा एवं राम कथा का शुभारंभ किया जाएगा रामकथा का श्री वाचन राम जन्मभूमि अयोध्या से पधारी सुश्री शांति श्रेया जी के मुखारविंद से किया जाएगा कथा प्रतिदिन दोपहर 2ः00 बजे से शाम के 5ः00 बजे तक की जाएगी कथा 11 अप्रैल तक कि जाएगी मनोकामना पूरी होने पर भक्त जलाते हैं कलश* सम्पूर्ण मध्यप्रदेश सहित भारत मे अपनी अलग रूप से पहचान रखने वाले आस्था के केंद्र धूमावती दरवार में लोगों द्वारा अपनी मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालुओं द्वारा चैत्र एवं शारदेय नवरात्रि महा पर्व में धूमावती मंदिर में अपनी मन्नत अनुसार व्यक्तिगत जवारे व ज्योति कलश की स्थापना की जाती हैं जो कि लोगो की आस्था का केंद्र वना हुआ है

### अष्टमी - पंचमी पर विशेष पूजन

मंदिर के पुजारी पंडित मनोज पाठक द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि धूमावती मंदिर में नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर का वातावरण धर्ममय हो जाता है जहा सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए लम्बी कतार में आते हैं सध्या एवम प्रातः कालीन आरती पूजन का क्रम चलता है, वहीं पंचमी के दिन माता की विशेष श्रृंगार पूजन एवं अष्टमी के दिन में श्रृंगार पूजन के साथ रात्रि में कई हजारों दीपों की महाआरती मंदिर की विशेष परंपरा है, जहाँ दूर-दूर से आये श्रद्वालुओं द्वारा आकर अष्टमी की आरती में लोग सम्मलित होते है जिसका विशेष महत्व है। वहीं नवमी के दिन हवन, भंडारा, कन्या भोज विशाल चल समारोह के साथ मनोकामना कलश व जवारों का विसर्जन किया जाता है. जिसपर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। जिसमें धूमा नगर सहित क्षेत्र के महिला पुरुष एवं धर्म प्रेमी इस पुनीत धार्मिक कार्यक्रम में बढ-चढ कर हिस्सा लेते हैं जिस कारण यहां का वातवरण धर्ममय हो जाता है।





# देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

## चैत्र नवरात्र का आज दुसरा दिन

**सिहोरा** - चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में सुबह से ही माता के पूजन अर्चन और जल चढ़ाने भक्तों का तांता लगा रहा। महिलाओं ने माता को जल चढ़ाने के साथ पुष्प अक्षत अर्पित कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में माता के पूजन अर्चन का क्रम सुबह से लेकर पूरे दिन चलता रहा।

सिहोरा नगर के सिद्ध स्थल दुर्गा, कंकाली मंदिर,बूढी माई,मां ज्वालादेवी आदि में माता के दर्शन और पूजन अर्चन के लिए भोर के साथ ही महिलाओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया। मंदिर में लंबी लाइन पूजन अर्चन के लिए देखने को मिली। इसके साथ ही पर्वत वासिनी मंदिर में भी पूजन अर्चन के लिए महिलाओं और श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम पूरे दिन चलता रहा।

### शुभ मुहूर्त में हुई घटस्थापना

दुर्गा मंदिर में शाम को शुभ मुहूर्त में घट की स्थापना की गई। इसके साथ ही घरों में दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ चैत्र नवरात्र की प्रतिपदा पर लोगों ने माता का पूजन अर्चन किया। शाम को देवी मंदिरों में माता की आरती में शामिल होकर भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

# रेलवे स्टेशन पर प्याऊ खोलने प्रस्ताव आमंत्रित

जबलपुर यश भारत । जबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था के लिए प्याऊ खोलने हेतु समाजसेवी संगठनों, स्वयंसेवी संस्थ्ाओं से रेल प्रशासन ने प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं।मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव ने कहा है कि इस पुण्य एवं धर्म के कार्य में सहयोग करने हेतु कोई भी संस्था या व्यक्ति अपने आवेदन संबंधित स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक को देकर ग्रीष्म काल के पूर्व रेलवे से मंजूरी लेकर प्याऊ प्रारंभ कर सकते हैं। जिससे कि स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को निःशुल्क शीतल एवं स्वच्छ जल भरपूर मात्रा में मिल सके।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मशहूर हिलक्स की कीमत रुपए 33.99,000 घोषित की

**बैंगलोर ।**टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ;टीकेएमद्ध ने आज मशहूर हिलक्स की श्वन नेशन वन प्राइसश् की घोषणा की। शोरूम में यह कीमत 4'4 एमटी स्टैंडर्ड के लिए यह 33.99,000 रुपए है। इसे इस साल के शुरू में पेश किया गया था और इस का लक्ष्य उन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना है जो बेजोड़ जीवन शैली से जुड़े यूटिलिटी वाहन की तलाश में हैं। यह मुश्किल क्षेत्रों में ऑफ़रोडिंग एड वेंचर ड्राइव के साथ.साथ रोजमर्रा के शहरी उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त है।
इसकी एक्स.शोरूम कीमत ;ग्रेड.वारद्ध का विवरण इस प्रकार है।
टोयोटा हिलक्स की कीमत की घोषणा पर टिप्पणी करते हुएए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट श्री तदाशी असाज़ुमा ने कहाए श्आजए हमें हिलक्स की कीमत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लांच के बाद सेए परिष्कृत हिलक्स ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया और प्रशंसा के साथ उनका दिल जीतने में कामयाब रहा है। हमारे श्ग्राहक सबसे पहलेश् के नजरिये के साथए लोगों की जीवन शैली से प्रेरणा लेते हुएए हिलक्स के साथ पूरे नए लाइफस्टाइल सेगमेंट में हमारी पेशकश श्सभी को व्यापक खुशीश् देने की दिशा में एक कदम आगे है। हम अपने ब्रांड में विश्वास रखने के लिए अपने मूल्यवान ग्राहकों के आभारी हैं।
उन्होंने आगे जोड़ाए श्टोयोटा हिल्क्स विश्वस्तरीय इंजीनियरिंगए अद्वितीय सुरक्षा अपनी और श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ आराम का प्रतीक हैए जो ऐडवेंचर और थ्रिल के रोमांच और आनंद लेने और दोस्तों तथा परिवार के साथ स्थायी यादें बनाने वालों के लिए अविश्वसनीय जीवनशैली वालों के लिए पूरी तरह यूटिलिटी वाहनों का चैनल है। ष्
विश्व स्तर परए हिलक्स की बिक्री 180 से अधिक देशों से लाखों लोगों का दिल जीतने वाली 20 मिलियन यूनिट को पार कर गई है। पांच दशकों और आठ पीढ़ियों से अधिक के दौरानए टोयोटा हिलक्स ने उन लोगों के साथ असाधारण अनुभव और एक अटूट बंधन बनायाए जो अपनी रोजमर्रा की ड्राइव के दौरान अजीबो गरीब इच्छा रखते हैंए चाहे वे व्यवसाय पर हों या अपने परिवार के साथ।
एक शक्तिशाली पर फॉर्मर के रूप में हिल्क्स की वैश्विक प्रतिष्ठा इसके कठोर अभिनव बहुद्देश्सीय वाहन ;इनोवेटिव मल्टी परपज व्हीकल या आईएमवीद्ध प्लेटफॉर्म और 2ण्8 लीटर फोर सिलेंडर टर्बो.डीजल इंजन के साथ एक शक्तिशाली पावर ट्रेन सिस्टम और 6.स्पीड ऑटोमैटिक या 6.स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के विकल्प में उपलब्ध है। एक मजबूत इंजन के साथ कई उल्लेखनीय विशेषताओं के अलावाए हिलक्स विभिन्न उपयोग उद्देश्यों के लिए असाधारण सहनशक्तिए कम रख.रखाव लागत और महान व्यावहारिकता भी प्रदान करता है। इसके अलावाए हिलक्स की 700 मिमी की पानी में उतरने की क्षमता इसे भारतीय ट्रेल्स के माध्यम से ड्राइविंग के लिए उपयुक्त बनाती हैए इसकी ऑफ़रोड क्षमता में नए मानक स्थापित करती है।
इसके अलावा एक शानदार डिजिटल अनुभव संभव करने के लिएए टोयोटा वर्चुअल शोरूम ग्राहकों के लिए अपने घर के आराम से ही हिल्क्स का आनंद लेने में सक्षम बनाता है। जो श्वीआरव्हेयरयूआरश् का एक सच्चा प्रतिबिंब है। अब ग्राहक निर्बाध रूप से 360.डिग्री बाहरी और आंतरिक दृश्य प्राप्त कर सकते हैंए सभी उपलब्ध रूपांतर और रंगों की जांच कर सकते हैंए प्रमुख विशेषताओं का अनुभव कर सकते हैं और रूपांतर.वार तुलना प्राप्त कर सकते हैं।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित

**सिहोरा**- समाज को सही दिशा देने में मीडिया की बडी भूमिका है। लोकतंत्र में कर्तव्य बोध के साथ जनहित के मुद्दों को सशक्त ढंग से रखने का उत्तरदायित्व पत्रकारों द्वारा निभाया जा रहा है। उक्त आशय के विचार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम मां नर्मदा के उद्गम स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के श्री कल्याण सेवा आश्रम के सभागार में आयोजित मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के 22वें त्रिवर्षीय प्रांतीय महाधिवेशन के शुभारंभ समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। विदित हो की संघ की जिला इकाई सिहोरा से भी जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे के नेत्रत्व में सिहोरा खितौला के अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से करीब एक दर्जन पत्रकारो ने भी सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई । इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफ़ेसर प्रकाश मणि त्रिपाठी, अनूपपुर कलेक्टर



सोनिया मीणा, पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल, पूर्व विधायक रामलाल रौतेल सहित 50 जिले के पदाधिकारी पत्रकार उपस्थित थे। श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई सिहोरा के अनिल जैन, प्रवीण कुररिया, सत्येंद्र तिवारी, प्रशांत बाजपेई, अंबर गुप्ता, हेमचंद्र असाटी, गौरव गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुनील तिवारी आदि पत्रकारों ने सम्मेलन में शामिल होकर पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को ज्ञापन सौंपा ।

# संस्कारधानी के एथलीट सेंथेटिक ट्रेक से वंचित

**जबलपुर।** जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जबलपुर संस्कारधानी के एथलीट सेंथेटिक ट्रेक के ना होने से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का परफॉरमेन्स/प्रर्दषन करने से वंचित हो रहे हैं क्योंकि जहां एक तरफ खिलाड़ी कड़ी महनत कर अपना पसीना बहा रहे हैं वहीं दूसरी ओर एक राष्ट्रीय स्तर का ट्रेक न होने की वजह से वे अपना प्रर्दषन अच्छा नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि अभी हाल ही में संस्कारधानी जबलपुर में राष्ट्रीय स्तर की तो बात दूर की रही बल्कि प्रदेष स्तर का भी टेऊक न तो अभ्यास के लिए है और ना ही किसी प्रतियोगिता के लायक बचा है।संघ ने आगे बताया कि वर्तमान में जो टेऊक राईट टाउन स्टेडियम में है वह मड ट्रेक है जो अब पूरी तरह से रोडनुमा हो चुका है जिसमे बजरी पड़ी हुई है और यही वजह है कि बच्चे अभ्यास के दौरान चोटिल हो रहे है। अभी हाल ही में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत इंडोर गेम के लिए बिल्डिंग लगभग पूंर्ण हो चुकी है परंतु सेंथेटिक टेऊक का निमार्ण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है जो कि अतिषीघ्र प्रारम्भ किया जाना चाहिए।
संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, राजू पहलवान, जीवन रजक, राकेष श्रीवास, स्टेनली नॉबर्ट, मीनूकांत शर्मा, सुनील यादव, राजेन्द्र सिंह, दिनेष गौंड़, धनराज पिल्ले, राजकुमार यादव, तेजभान सिंह, कुलदीप सिह, मुन्नालाल कतिया, मोदित रजक, ओमकार दुबे, लॉरेन्स मार्टिन, बंटी रजक, दिनेष राव, नरेन्द्र रजक, दीनू स्वामी, जुबेर कुरेषी, भगवान सिंह, अषोक यादव, बॉबी खान आदि ने नगर निगम कमिषनर से मांग की है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत राईट टाउन स्टेडियम में सेंथेटिक टेऊक का निमार्ण अतिषीघ्र कराया जाए।

# चैत्र नवरात्र एवं हिंदू नव वर्ष में लगे सनातन धर्म के ध्वजा झंडों को हटाना निगम प्रशासन की ओछी मानसिकता

**जबलपुर ।**आज दिनांक 02 अप्रैल 2022 को अखिल भारतवर्षिय यादव महासभा के महानगर शहर अध्यक्ष रामदास यादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चेत्र नवरात्रि व हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर के उपलक्ष में बड़ा फुहारा जबलपुर में सनातनी धर्म ध्वजा झंडे लगाए गए थे किंतु नगर निगम प्रशासन द्वारा सनातनी धर्म ध्वजा झंडों को निकाल कर अलग कर दिया गया जो नगर निगम प्रशासन की ओछी और घटिया मानसिकता सोच को प्रदर्शित करने वाली इस कार्रवाई का अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर के शहर अध्यक्ष रामदास यादव एवं ग्रामीण अध्यक्ष राम कुमार यादव प्रदेश महासचिव सुभाष यादव, प्रदेश महासचिव विजय यादव, युवा अध्यक्ष शहर शशांक यादव, ग्रामीण युवा अध्यक्ष शक्ति राज यादव, संजय यादव, रोहित यादव, विनय यादव, प्रमोद यादव, शारदा यादव, प्रकाश यादव, गोविंद यादव, सीताराम यादव, बालबोध यादव, अशोक यादव, प्रदीप यादव, अभिषेक यादव, ऋषि यादव, राजेश यादव, प्रकाश यादव, उदय यादव, शुभम यादव, युवा विजय यादव, इंदल यादव, पवन यादव, राकेश यादव, भगवानदास यादव, सौरव यादव, शारदा यादव आदि पदाधिकारी सदस्यों ने नगर निगम की कार्रवाई का घोर निंदा करते हुए जबलपुर कलेक्टर एवं नगर निगम कमिश्नर से संबंधित निगम कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है

# भविष्य की खोज -भाग्यम से बढेगा भारत का गौरव

### गौरव उपाध्याय ने 16 साल तक लगातार अध्ययन करके ये साबित किया कि भारतीय ज्योतिष पाखण्ड नहीं संपूर्ण विज्ञान है, गूगल ने भी इसे स्वीकारा

ज्योतिष यानी आपके भूत और भविष्य का पूरा लेखा-जोखा। हिंदुस्तानी ज्योतिष शास्त्र पांच से दस हज़ार साल पुराना है। गूगल भी मानता है कि भारत का ज्योतिष शास्त्र 5 से 10 हजार साल पुराना शास्त्रीय ज्ञान है। वक्त के साथ इसको मानने वाले जरूर बढ़े पर इसकी वैज्ञानिकता और तथ्यों पर सवाल उठाने वालों की भी कमी नहीं रही। विज्ञान हमेशा तर्क और तथ्य मांगता है। ऐसे में ज्योतिष को विज्ञान साबित करने के लिए एक व्यक्ति ने पूरे 16 साल लगा दिए। ये हैं, गौरव उपाध्याय।
गौरव ने डाटा एनालिसिस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एक ऐसी तकनीक विकसित की है, जो किसी के भी भविष्य का 80 से 90 फीसदी तक सटीक आकलन कर सकती है. ज्योतिष को तकनीक से जोडने वाला ये एप गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है।
वैदिक ज्योतिष शास्त्र का उल्लेख विश्व के सबसे प्राचीन ग्रंथों यानी वेदों में भी मिलता है। लेकिन जानकार अभी भी इस पर सवाल उठाते हैं। वे इसे विज्ञान न मानते हुए पाखंड ही समझते हैं। ऐसे में ज्योतिष शास्त्र भौतिकी, ज्यामिती या गणितीय विज्ञानों की कतार में सबसे आगे कैसे खडा होगा इस सवाल का जवाब ढूंढ़ने में गौरव उपाध्याय ने 16 साल लगा दिये। उन्होंने यह साबित किया कि ज्योतिष पूरी तरह से वैज्ञानिक आधार पर खरा उतरता है।



गौरव ने अपने अथक प्रयास से हजारों ज्योतिषीय गणनाओं की पूर्णतः वैज्ञानिक व्याख्या करने में सफलता प्राप्त की है। गौरव ने न सिर्फ इन ज्योतिषीय गणनाओं को वैज्ञानिक ढंग से प्रमाणित किया है बल्कि उन्होंने अपनी टेक्नोलॉजी टीम के साथ मिलकर डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड एक ऐसी एप्प विकसित की हैं जो मनुष्य का भविष्य 80 से 90 प्रतिशत सटीकता से सही बता सकती है। इस एप्प का नाम उन्होंने भाग्यम रखा है। गौरव के अनुसार यह किसी का भविष्य जानने का पूर्णतः वैज्ञानिक तरीका है क्योंकि इसमें एक मशीन विभिन्न गणनाओं के आधार पर भविष्य का आंकलन करती है ।यह एप गूगल प्ले पर उपलब्ध है।

# बस स्टैंड कुंडम में घटिया स्तर से किया जा रहा नाली का निर्माण,हो रही धांधली!





**कुंडम** मध्यप्रदेश शासन द्वारा तहसील चौक से रेंज ऑफिस कुंडम तक नाली का निर्माण कराया जाना है जिसमें ठेकेदार द्वारा घटिया रेत,सीमेंट एवं गिट्टी का उपयोग कर धीमी गति से निर्माण कराया जा रहा है जिससे कुंडम ग्राम वासियों एवं दुकानदारों में नाराजगी देखी जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि नाली का निर्माण कार्य जो चल रहा है वह निंदनीय है क्योंकि चिरई पानी तिराहा के पास जो नाली बनाई गई है वह 30 से 35 फिट की चौड़ाई दी गई है मगर अब जो बस स्टैंड मेन रोड पर नाली बनाई जा रही है वह मात्र 20 फीट की चौड़ाई दी जा रही है जिससे दुकानदारों एवं नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है और शासन प्रशासन मौन बैठा है ठेकेदार द्वारा रोड पर गिट्टी खोदकर छोड़ दिया जाता है जिससे राहगीर आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और ठेकेदार शासन-प्रशासन सब गहरी नींद में है ग्राम वासियों ने चेतावनी दी है कि अगर नाली निर्माण मैं घटिया स्तर के निर्माण पर रोक नहीं लगाया जाता तो कार्य बंद करा कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

# सर्व ब्राह्मण महासभा ने पंचांग पूजन कर मनाया नवसंवत्सर

गाडरवारा(यशभारत)चैत्र शुक्ल एकम भारतीय तिथि के प्रथम मास, प्रथम दिवस, इस नूतन नए वर्ष पर नवीन पंचांग प्रारंभ हो जाता है जिससे पूरे वर्ष सनातनी समाज के लोग व्यवहार में आयोजित होने वाले विवाह, जन्म, मरण, गृह प्रवेश आदि अन्य मुहूर्त व कार्यक्रमों की तिथि व समय निर्धारित करने वाले पंचांग रूपी ग्रंथ का सर्व ब्राह्मण महासभा के आव्हान पर खकरिया वाले दादा जी के मंदिर में विद्वानों की उपस्थिति में विधि पूर्वक पूजन पंडित बालाराम शास्त्री, पंडित विश्वनाथ शास्त्री, पंडित शिवकुमार शास्त्री द्वारा कराया गया। इस अवसर पर भगवान शिव गणेश गौरी का पूजन भी किया गयाइस अवसर पर उपस्थित विद्वतजनों के बीच संवत्सर के वार्षिकफल का वाचन कर वर्ष में होने वाली घटनाएं एवं परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया इस ।इस नाते संवत्सर 2079 के राजा शनिदेव हैं और मंत्री गुरु है इस संवत्सर को राक्षस नाम संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने एक दूसरे को नए वर्ष की बधाई दी और अभिवादन किया।



## भाजपा ने हिन्दू नव वर्ष के आगमन पर निकाली भगवा रैली घरों में भगवा झंडे किये भेंट व लगाने का किया आग्रह

गाडरवारा( यश भारत) चैत्र शुक्ला एकम भारतीय तिथि के प्रथम मास, प्रथम दिवस, इस नूतन नए वर्ष पर नवीन पंचांग प्रारंभ हो जाता है उसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी व युवा मोर्चा ने गाडरवारा के मुख्य क्षेत्र पुरानी गल्ला मंडी से हाथों में भगवा झंडे लहराते हुए हर घर भगवा छायेगा के नारे लगाते हुए भगवा रैली शहर के मुख्य बा?ार मार्गो पर निकाली उसी दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने घरों और प्रतिष्ठानों में पहुँचकर नागरिकों से नव वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की व अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज लगाने हेतु झंडे भेंट किये व झंडे लगाने का आग्रह किया युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियांक जैन ने कहा चैत्र प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष शुरू होजाता है युवाओं से आवाहन करता हूं कि जिस उत्साह से वह अंग्रेजी नववर्ष मनाते है उससे दोगुने उत्साह के साथ वह हिन्दू नववर्ष का स्वागत करें उक्त अवसर पर पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह युवा मोर्चा पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कमल खटीक पूर्व नेता प्रतिपक्ष नपा प्रवेश राय, चंद्रकांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रणव पाराशर,युवा मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश गुर्जर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा गुड्डी युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशीष राजपूत,चंद्रपाल सिंह राजपूत, चैतन्य लुनावत,अब्दुल ?िरोज खान बबलू भैया,भागवेन्द्र ममार ,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू पटेल,अभिषेक शर्मा,युवा मोर्चा महामंत्री कपिल रजक बड्डा,भानु कुशवाहा लखन साहू चंदन सोनी लकी सोनी कमलेश गुर्जर,राजकुमार कश्यप अनुराग कौरव ईशु साहू शुभम भोजवानी एवं मातृशक्ति भाजपा जिला उपाध्यक्ष पूजा तिवारी, पुष्पा राय,डॉ प्रियंका राजपूत,प्रिया गुर्जर सहित ब?ी संख्या भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही









# ये आईपीएल है मेरे भाई हर पल रहता रोमांच



**मुंबई।** आईपीएल 2022 में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की टीम आमने-सामने थी, तो दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। पहले मैच में राजस्थान ने मुंबई को और दूसरे मैच में गुजरात ने दिल्ली को शिकस्त दी। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 193 रन बनाए थे, जिसके जवाब में मुंबई की टीम 170 रन ही बना पाई और यह मैच 23 रन से हार गई। वहीं, दूसरे मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम 157 रन ही बना सकी। इन दोनों मैचों में कई रोमांचक पल देखने को मिले।

### रितिका बहुत मायूस नजर आईं

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह भी यह मैच देखने पहुंची थीं। हालांकि, रोहित इस मैच में कुछ खास नहीं कर सके। वो सिर्फ 10 रन बनाकर आउट हो गए। रोहित के आउट होने पर रितिका बहुत मायूस नजर आईं। उनके साथ बेटी समायरा भी मौजूद थीं।

### पोलार्ड के हाथ से बल्ला भी छूट गया

इस मैच में मुंबई के बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड के हाथ से बल्ला भी छूट गया। उन्होंने इस मैच में बहुत ही धीमी पारी खेली और अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। पोलार्ड ने इस मैच में 24 गेंद में 22 रन बनाए। उनकी पारी में तीन चौके और एक छक्का शामिल था।

### शानदार बल्लेबाजी और बेहतरीन कैच





राजस्थान के बल्लेबाज जोस बटलर ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की और एक बेहतरीन कैच भी पकड़ा। बटलर ने इस मैच में कुल दो कैच पकड़े। उन्होंने डेनियल सैम्स और मैच की आखिरी गेंद पर कीरोन पोलार्ड को भी पवेलियन भेजा। युजवेन्द्र चहल ने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट झटके। इस दौरान उनके पास हैट्रिक लेने का भी मौका था, लेकिन करुण नायर ने कैच छोड़ दिया। ईशान किशन और तिलक वर्मा की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई मैच में वापस आ चुकी थी, लेकिन चहल ने दो विकेट लेकर मैच पलट दिया। मुंबई के लिए ईशान किशन ने 54 और तिलक वर्मा 61 रन की पारी खेली। दोनों के बीच 81 रन की साझेदारी हुई। इन दोनों ने मुंबई को मैच में वापस ला दिया था, लेकिन किशन के आउट होते ही पूरी टीम धराशायी हो गई और लगातार दूसरा मैच हार गई। जोस बटलर ने आईपीएल 2022 का पहला शतक लगाया। यह उनके आईपीएल करियर का दूसरा शतक रहा। उन्होंने 68 गेंद में 100 रन की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और पांच छक्के शामिल थे। बटलर ने पारी की शुरुआत की थी और 19वें ओवर में शतक लगाने के बाद आउट हुए। राजस्थान के लिए जोस बटलर ने एक छोर संभालकर बल्लेबाजी की और पहले कप्तान सैमसन फिर शिमरोन हेटमायर के साथ दो अर्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाया। वहीं सैमसन ने 30 और हेटमेयर ने 14 गेंद में 35 रन बनाए। मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह ने कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 17 रन देकर तीन बल्लेबाजों को आउट किया। राजस्थान की पारी के 19वें ओवर में उन्होंने सिर्फ तीन रन दिए और दो सेट बल्लेबाजों को आउट किया। पिछले मैच में महंगे साबित होने वाले किशन ने शानदार वापसी की।

### कैमरामैन को लगी गेंद

तिलक वर्मा बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे थे। इस दौरान मुंबई इंडियंस टीम की पारी के 12वें ओवर में तिलक ने रियान पराग की गेंद पर शानदार छक्का लगाया, जो सीधे कैमरामैन को जाकर लगी। गेंद सीधे उनके कंधे पर जाकर लगी। हालांकि, उस कैमरामैन को ज्यादा चोट नहीं आई और अगली गेंद के लिए अपने काम पर तुरंत वापस लौट आए।



# चेन्नई-मुंबई का बुरा हाल, राजस्थान-गुजरात ने चौंकाया, डॉट गेंदों में टेस्ट स्पेशलिस्ट उमेश आगे

**खेल डेस्क।** आईपीएल के 15वें सीजन के 10 मैच हो चुके हैं। अब तक गेंदबाजों और बल्लेबाजों के बीच बराबरी का मुकाबला देखने को मिला है। बल्ले से अब तक 3361 रन निकले हैं तो 124 विकेट गिरे भी हैं। अंडरडॉग कही जाने वाले दो टीमें राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स पहले और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस नौवें और चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स आठवें स्थान पर है।




### दो हजार से ज्यादा रन बाउंड्री से आए

अब तक हुए 10 मैचों में 151 छक्के और 288 चौके लग चुके हैं। इस तरह 2058 रन बाउंड्री से निकले हैं। सिर्फ एक बल्लेबाज शतक लगा पाया है। राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 100 रन बनाए थे। वहीं, अब तक 14 अर्धशतक लग चुके हैं। छक्कों के मामले में कोलकाता नाइटराइडर्स के आंद्रे रसेल सबसे आगे हैं। उन्होंने 11 छक्के जड़े हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस के ईशान किशन ने सबसे ज्यादा 16 चौके लगाए हैं।

### 17 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता

टूर्नामेंट में अब तक 17 बल्लेबाजों का खाता नहीं खुला है। इनमें लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान केएल राहुल भी शामिल भी हैं। बल्लेबाजों को 13 बार फ्री-हिट मिले हैं। इन 13 फ्री-हिट गेंदों पर कुल 23 रन बने हैं। टूर्नामेंट में अब तक 124 विकेट गिरे हैं। इस दौरान 71 बार बल्लेबाज कैच आउट हुए हैं। साथ ही छह मेडन ओवर फेंके गए हैं।

### टॉस का कमाल

अब तक 10 मैचों में टॉस जीतने वाली टीम सात मुकाबलों को जीतने में सफल रही है। वहीं, तीन मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के अलावा गुजरात टाइटन्स की टीम ने लक्ष्य का बचाव सफलतापूर्वक किया है। राजस्थान ने तो दो बार ऐसा किया है।

### उमेश यादव की धमाकेदार वापसी

टेस्ट विशेषज्ञ कहे जाने वाले उमेश यादव पर नीलामी में सिर्फ कोलकाता नाइटराइडर्स ने भरोसा जताया। उन्हें फ्रेंचाइजी ने उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपये में खरीदा था। उमेश कोलकाता के भरोसे पर खरे उतरे।

# ऑस्ट्रेलिया के 356 रन, इंग्लैंड को 129 के स्कोर पर लगा चौथा झटका



ICC Women's world cup, AUS vs ENG

**क्राइस्टचर्च।** आईसीसी महिला विश्व कप के खिताबी मुकाबले में टूर्नामेंट की दो सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एक-दूसरे के सामने है। क्राइस्टचर्च में जारी मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 356 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया है। गत चैंपियन इंग्लैंड को जीतने के लिए 357 रन के लक्ष्य को हासिल करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलिसा हीली ने सबसे अधिक 170 रन बनाए वहीं रेचल हेंस (68) और बेथ मूनी (62) ने अर्धशतक लगाए।

### इंग्लैंड को एक और झटका, जोन्स भी आउट

जेस जोनासन ने अपना पहला शिकार करते हुए एमी जोंस को 20 के स्कोर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया है। 21 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर- 131/4, सोफ़िया डंकली (1*), नैट सिवर (47*)

### अलाना किंग को पहली सफलता

इंग्लैंड ने एक और बड़ा विकेट गंवा दिया है। अलाना किंग ने अपने तीसरे ओवर में हीथर नाइट को 26 के स्कोर पर भेजा पवेलियन। 15 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर- 86/3, नैट सिवर (24*), एमी जोंस (0*)

### इंग्लैंड के 50 रन पूरे

इंग्लैंड की टीम ने दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद अपने 50 रन पूरे कर लिए हैं। उसकी तरफ से नैट सिवर और हीथर नाइट क्रीज पर हैं। 10 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर- 59/2, हीथर नाइट (21*), नैट सिवर (2*)



*Jaya Prada Birthday*

# काफी कठिन थी जयाप्रदा की निजी लाइफ

**मुंबई।** 80 और 90 के दशक की मशहूर और खूबसूरत अदाकारा जया प्रदा 3 अप्रैल को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करती हैं। 3 अप्रैल 1962 में आंध्र प्रदेश में जन्मी जया का नाम ललिता रानी हुआ करता था, जो बाद में बदलकर जया प्रदा हो गया। अभिनेत्री जया ने महज 13 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की कर दी थी और इस समय वह एक पॉलिटिशियन के रूप में सक्रिय हैं। अपने जमाने में कई बड़े सितारों के साथ उनकी जोड़ी हिट साबित हुई, आज भी लोग उनके अभिनय के कायल हैं। हालांकि बड़े पर्दे पर अपना लोहा मनवाने वाली जयाप्रदा की पर्सनल लाइफ उतनी अच्छी नहीं रही और उन्हें अपनी जिंदगी में काफी कुछ झेलना पड़ा। अभिनेत्री जया प्रदा और फिल्म निर्माता श्रीकांत नाहटा के रिश्ते में होने की चर्चा मीडिया में खूब हुआ करती थीं हालांकि दोनों ने हमेशा इस रिश्ते को सिर्फ दोस्ती का ही नाम दिया, लेकिन साल 1986 में जब जया प्रदा का करियर ऊंचे पायदान पर था तब उन्होंने 22 जून को श्रीकांत नाहटा से शादी कर ली थी. लेकिन श्रीकांत पहले से शादीशुदा थे और इस तरह से जया को उनकी दूसरी पत्नी का तमगा मिला। यही वजह रही कि जयाप्रदा की निजी जिंदगी काफी उतार चढ़ाव भरी रही। श्रीकांत नाहटा की पहली शादी चंद्रा से हुई थी, जिससे उनके तीन बच्चे हैं। इसलिए जब उन्होंने जया प्रदा से शादी की थी, तो काफी विवाद खड़ा हो गया था, क्योंकि उन्होंने अपनी पहली पत्नी को तलाक दिए बिना ही अभिनेत्री से शादी कर ली थी। श्रीकांत ने जया से शादी तो की लेकिन पहली पत्नी को तलाक न देने के कारण सात फेरे लेने के बावजूद जया को कभी भी पत्नी का दर्जा नहीं मिल पाया।



### कल आईं थीं जबलपुर

जयप्रदा शनिवार को जबलपुर पहुंची। भाजपा नेत्री ने तेवर स्थित मां त्रिपुर सुंदरीमंदिर पहुंचकर माथा टेका और मां का आर्शीवाद लिया। इस मौके पर जयप्रदा ने कहा कि जबलपुर आकर बहुत खुश हूं। अभिनेत्री ने कहा कि कोरोना का साया अब दोबारा न आए ऐसी माता से प्रार्थना करती हूं।

# अनुपमा के प्रीक्वल में तड़का लगाने आएगी वनराज की एक्स-गर्लफ्रेंड

**छोटा पर्दा**



**मुंबई।** स्टार प्लस के इतिहास में सबसे सफल सीरियल की तरह उभरे अनुपमा ने अपनी एंट्री के साथ ही दर्शकों के दिलों में जगह बना ली थी। सीरियल के लिए लोगों की दीवानगी देख इसके निर्देशक राजन शाही ने डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अनुपमा का प्रीक्वल लाने का फैसला किया है। जल्द हॉटस्टार पर रिलीज किए जाने वाले इस प्रीक्वल का नाम %नमस्ते अमेरिका% रखा गया है और जबसे इसके बनने की खबर दर्शकों के बीच आई है तभी से फैंस इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस प्रीक्वल में रोज नए-नए किरदारों की एंट्री हो रही है, सरिता जोशी के बाद अब शो में टीवी की एक और मशहूर अभिनेत्री की एंट्री होने जा रही है।

प्रीक्वल में इनकी होगी एंट्री अनुपमा- नमस्ते अमेरिका को रिलीज करने की तैयारी जोरो पर चल रही है। इस प्रीक्वल में अनुपमा की शादी के 10 बाद का सफर दिखाया जाएगा। उसके और वनराज के जीवन में आई खटास के कारण का खुलासा करते हुए यह शो उनकी जिंदगी के छिपे कई राजों से पर्दा उठाएगा। अब खबर आ रही है कि %देवो के देव महादेव% में पार्वती का किरदार निभा चुकीं अभिनेत्री पूजा बनर्जी जल्द ही इस शो का हिस्सा होंगी। अभिनेत्री ने खुद इस बात का खुलासा किया है। वह इसमें वनराज शाह की पूर्व गर्लफ्रेंड ऋतिका के रूप में दिखाई देंगी।

# कार एक्सीडेंट के बाद अब ऐसी है मलाइका अरोड़ा



**वेब डेस्क।** मुंबई से सटे पनवेल इलाके में शनिवार को बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा की कार का एक्सीडेंट हो गया था। जानकारी के मुताबिक अभिनेत्री की कार के ड्राइवर ने अपना संतुलन खो दिया और एक्सप्रेसवे पर 3 अन्य कारों से जा टकराई। दुर्घटना के वक्त आंख के पास चोट लगने की वजह से मलाइका अरोड़ा को अस्पताल भर्ती कराया गया था। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मलाइका अरोड़ा इस घटना की वजह से हिल गई हैं, लेकिन अभी उनकी हालात स्थिर है। अभिनेत्री को कुछ टांके लगे हैं। उसके सिर पर कोई बड़ी चोट नहीं लगी है। करीबी सूत्रों द्वारा यह भी दावा किया जा रहा है कि मलाइका अरोड़ा को रविवार दोपहर तक घर वापस जाने की अनुमति दे दी जाएगी। बता दें कि दुर्घटना के समय मलाइका अपनी रेंज रोवर में थीं और उनकी कार बाकी दो कारों के बीच फंस गई। वह एक फैशन इवेंट में शिरकत करने गई थीं। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना कैसे हुई इस मामले की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। मलाइका ने शनिवार दोपहर एक फैशन इवेंट में शिरकत की थी और सोशल मीडिया पर उसी के बारे में अपडेट भी साझा किया था।

# जीवात्मा को परमात्मा से मिलवाने का माध्यम है उपवास

**जबलपुर,यशभारत। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हफ्ते में एक दिन का उपवास रखा करते थे और दूसरे दिन बकरी के दूध से जमाया हुआ दही का सेवन करते थे, जिस कारण उनके शरीर में इतनी ऊर्जा का समावेश था की, कड़कड़ाती ठंड में भी वे मात्र एक धोती पहनकर कोसों पैदल चला करते थे उपवास हमारे मन को जहां स्थिर करता है, वही तन को संयमित कर ऊर्जा का संचार करता है यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में नवरात्र विशेष कार्यक्रम के चलते आज हम व्रत से जुड़ी बातों को लेकर पंडित लोकेश व्यास से चर्चा कर रहे हैं।**

यश भारत
जीवन ज्योतिष
वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### उपवास और धर्म में क्या संबंध

पंडित लोकेश व्यास के अनुसार जो आत्मा से परमात्मा के मिलन का एकमात्र माध्यम उपवास है, मन चित्त और तन को स्थिरता प्रदान करने के लिए उपवास किया जाता है। पंडित श्री व्यास कहते हैं कि निरंतर रूप से अनाज जब शरीर में जाता है तो शरीर भारी होने लगता है ठीक उसी तरह जैसे रुई को पानी में भिगोने से रूई भारी हो जाती है, जिससे कोलेस्ट्रॉल, गैस और अपच जैसी समस्याएं सामने आती हैं।

### पाचन तंत्र होता है हल्का

पंडित लोकेश व्यास ने उपवास के विषय में बताते हैं कि जब शरीर में अन्न नहीं जाता है या फिर बहुत कम मात्रा में जाता है तो पाचन तंत्र अत्यंत हल्का हो जाता है। जिस कारण एचडीआई यानी गुड कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ता है और एलडीआई तेजी से घटना शुरू हो जाता है।

### शुगर व अन्य बीमारियों के मरीज रखें सावधानी

पंडित लोकेश व्यास कहते हैं कि पूर्व में निर्जला उपवास रखा जाता था फिर एक लोंग से उपवास किया जाने लगा लेकिन अब लोगों की शारीरिक स्थितियां बदल चुकी हैं डायबिटीज जैसी बीमारियों के मरीज अधिकता में मिल जाते हैं, ऐसी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को उपवास रखते समय अत्यंत सावधानी रखनी चाहिए।



## यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में नवरात्र विशेष पर पंडित लोकेश व्यास से चर्चा

### उपवास के दौरान रखे सावधानियां

पंडित लोकेश व्यास कहते हैं कि उपवास के दौरान कुछ विशेष सावधानियां रखनी चाहिए जिसमें हर 45 मिनट में हमें पानी जरूर पीना चाहिए जो शरीर को डिटॉक्स कर देता है। इसके साथ ही आप फलों का सेवन करें अगर फल उपलब्ध ना हो तो सब्जियों भी खा सकते हैं जिसमें कच्चा पपीता, लौकी को उबालकर या आलू खा सकते हैं, इसके साथ ही पनीर और दूध दही, सिंघाडे, कुट्टू का आटा का सेवन करें।

### चिकनाई युक्त पदार्थ के सेवन से बचें

पंडित लोकेश व्यास बताते हैं कि उपवास के दौरान चिकनाई युक्त खानपान से बचना चाहिए जिसके कारण आपका मन और धमनिया शिथिल पडती हैं, इस कारण आपकी चेतन्यता और एनर्जी में कमी आती है। आप खानपान में जायफल का पाउडर, जींरा और काली मिर्च का उपयोग करें जिससे जायका भी अच्छा होता है।

### 10 महाविद्याओं का वर्णन

पंडित लोकेश व्यास कहते हैं कि 10 महाविद्याओं का वर्णन किया गया है जिसमें काली तारा,शूडषी,भुवनेश्वरी,त्रिपुर भैरवी, मां बगलामुखी,धूमावती,कमला, मातंगी का वर्णन मिलता है जिसमें माता काली प्रथम महाविद्या मानी गई है ।जिनका चार प्रकार से पूजन होता है, दक्षिणा काली, श्मशान काली, मात काली और महाकाली का पूजन किया जाता है।

### वीडियो देखने के लिए जाएं यश भारत सोशल मीडिया पर

पंडित लोकेश व्यास जी द्वारा नवरात्र विशेष पर पूजन को लेकर वह व्रत संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देखने के लिए यश भारत के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जाएं।



# कुंडम में 15 एकड़ में लगी फसल खाक

**जबलपुर, यशभारत। नरवाई जलाने पर रोक के बावजूद एक किसान की मनमानी कई दूसरे किसानों के अरमानों पर भारी पड़ा। 15 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल खाक हो गई। कुंडम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दजज़् कर ली है।**

## नरवाई में आग लगाने से हुआ हादसा

कुंडम पुलिस के मुताबिक महेन्द्र कुमार पटेल ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पिपरिया मुरझौर हार में खेती है। आधा एकड़ में उसने गेहूं लगाया था। फसल पक कर तैयार थी। मुरझौर हार में ही बेडी उर्फ कमल सिंह बागरी की खेती है। बेडी उर्फ कमल सिंह बागरी ने अपने खेत में लगी गेहूं की फसल काट चुका है। मना करने के बावजूद उसने अपने खेत की नरवाई में आग लगा दी थी। ये आग फैल कर उसके खेत तक पहुंचा गयी। उसकी पूरी फसल जल गई। लगभग 10 क्विंटल गेहूं का नुकसान हुआ। इसके साथ ही आस-पास दिनेश बागरी, धर्मेन्द्र बागरी, मुन्ना लाल पटेल, प्रदीप पटेल, तेजी पटेल, बेड़ी लाल पटेल की लगभग 15 एकड़ गेहूं की फसल में आग लग गई।

### 300 क्विंटल गेहूं का नुकसान

लगभग 300 क्विंटल का नुकसान हुआ है। इसके अलावा पानी पाईप, बिजली तार भी जलकर नष्ट हो गए। लगभग 6 लाख 63 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। कुंडम पुलिस ने बेड़ी बागरी के खिलाफ आगजनी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

# उधारी को लेकर युवक के हाथ पैर तोड़े

### तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

जबलपुर, यशभारत। लार्डगंज थाना अंतर्गत उजारपुरवा में तीन आरोपियों ने मिलकर एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। पूरा विवाद उधारी के पैसों को लेकर हुआ है। घायल को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महेश डुमार निवासी उजारपुरवा लार्डगंज ने बताया कि दरमियानी रात मुंडी ने उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया और फिर सोनू रैकवार, रवि बिल्डर ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की और तीनों फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

# एमआर फोर रोड में बड़ा हादसा टला

# डिवाइडर से टकराकर पलट गयी नगर निगम की कचरा गाड़ी



**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम की कचरा गाड़ी आज रविवार की सुबह आदि प्लाजा के सामने डिवाइडर से टकरा कर पलट गयी। गनीमत यह रही हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं, चालक ने बताया कि वाहन में खराबी थी, जिसके कारण ही यह हादसा हुआ है। नगर निगम जोन-2, विवेकानंद वार्ड में लगी हुई कचरा गाड़ी क्रमांक एमपी 20 जीबी 5493 बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर रोड में पलट गयी। वाहन चालक अंकित सोनी ने बताया कि वह रोज की तरह ही वाहन चला रहा था, लेकिन दो दिनों से वाहन में खराबी थी, जिससे वह तिरछा चल रहा था। इसी के चलते वाहन डिवाइडर से टकरा गया है। जिसकी जानकारी ननि अधिकारियों को दी गई। रोड में कचरे से भरा नगर निगम का वाहन पलट गया, जिसकी जानकारी चालक ने ननि अधिकारियों को दी थी। लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी कचरे से भरी गाड़ी वहीं पड़ी है।

### चालक ने कहा- वाहन में ही थी खराबी

### हादसे के बाद भी नहीं पहुंचे अधिकारी

इतना ही नहीं वाहन कैसे पलटा, इसकी जांच करने भी मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। तिरछी भग रही है पलट गयी डिवाइडर से टकरा गयी।

**अंकित सोनी**
**जोन नंबर दो विवेकानंद वार्ड**

# नीता रजक को जिला मंत्री की कमान

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला पदाधिकारी घोषित

**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति माया नरोलिया की सहमति, प्रदेश महामंत्री एड. अश्वनी परांजपे की अनुशंसा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर के अनुमोदन के पश्चात महिला मोचाज़् की नगर अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव ने जबलपुर महानगर के जिला पदाधिकारी



घोषित किये है ।वरिष्ठ समाजसेविका के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली नीता रजक को महिला मोर्चा में जिला मंत्री बनाया गया है। भारतीय पुनर्वास परिषद भारत सरकार में दिव्यांगजन विशेषज्ञ के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली नीता रजक हमेशा गरीब, असहाय लोगों के लिए निरंतर सेवा में तत्पर रहती हैं। नीता राष्ट्र सेविका समिति में भी लगभग 20 वर्षों से सक्रिय रही हैं। वंदन पुनवाज़्स संस्थान के सचिव एवं निदेशक के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय सूखा ग्राम में भी सह व्यवस्थापक के रूप में अनेकों वर्षों से ग्रामीण बच्चों के शिक्षा के लिए कार्य कर रही हैं। नीता रजक को अनेकों पुरुस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। भाजपा में जिला मंत्री बनाए जाने से सभी ने हर्ष व्यक्त किया है ।महिला मोर्चा जबलपुर महानगर में 6 उपाध्यक्ष, 2 महामन्त्री, 6 मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, सह कायाज़्लय मंत्री, मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाये गए है। महिला मोचाज़् में 34 कार्यकारणी सदस्य के साथ स्थाई एवं विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये गए है।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

यश भारत NEWS
चैनल का प्रसारण अब इन सेटअप बॉक्स में भी
हेतवे - 598
डिजीयाना - 122
यूसीएन - 81
रहें खबरों से अपडेट

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA)
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

Buy Best Wedding Jewellery At Honest Price
समदड़िया आभूषण
जेवर खरीदने से पहले एक बार समदड़िया आभूषण जरूर आऐं
क्योंकि हम देते हैं सबसे कम कीमत पर 916 हॉलमार्क आभूषण
UP TO 20% DISCOUNT पाऐं हीरों के आभूषणों की खरीद पर
DIVINE SOLITAIRES
916 हॉलमार्क जेवर का नं.1 शोरूम
जबलपुर : सराफा : 0761-2653573, समदड़िया मॉल : 0761-4069803
कटनी : समदड़िया सिटी, कैम्प माधव नगर 07622-245008 • रीवा : समदड़िया सेंटर प्वाईंट , नया बस स्टैण्ड : 07662-409333

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )